हरिभूमि
# जींद-कैथल भूमि
रोहतक, शुक्रवार, 19 जुलाई 2024

तापमान
अधिकतम 33 .0 डिग्री
न्यूनतम 29 .0 डिग्री

10 सरकार स्कूलों की राशि का करे भुगतान : ढांडा

10 समाधान शिविरों के प्रति नागरिकों का बढ़ रहा रुझान


## खबर संक्षेप

### इंडस स्कूल में जिलास्तरीय तलवारबाजी प्रतियोगिता 2 से
**जींद।** जिला तलवारबाजी संघ के प्रधान सुभाष श्योराण ने बताया कि वर्ष 2024-25 की जिला स्तरीय तलवारबाजी प्रतियोगिता का आयोजन दो से चार अगस्त तक इंडस पब्लिक स्कूल में करवाया जाएगा। जिसमे आयु वर्ग अंडर 14 सब जूनियर, अंडर 17 कैडेट, अंडर 20 जूनियर व सीनियर वर्ग के लड़के व लड़कियां इस प्रतियोगिता में भाग ले सकते हैं।

### 605 ग्राम गांजा फूल पत्ती के साथ तस्कर गिरफ्तार
**कैथल।** एक तरफ जहां पर एसपी उपासना के आदेशानुसार जिला पुलिस द्वारा नशा ना करने बारे आमजन को जागरूक किया जा रहा है, वहीं पर पुलिस द्वारा नशा तस्करों पर लगातार शिकंजा कसा जा रहा है। इसी मुहिम तहत थाना राजौंद पुलिस द्वारा गांव सौंगल से एक नशा तस्कर को 605 ग्राम गांजा फूल पत्ती सहित काबू कर लिया गया।

### कार सवारों ने हमला कर किया दो को घायल
**जींद।** रामराये गेट पर बीती रात टहल रहे दो युवकों पर कार सवार युवकों ने हमला कर घायल कर दिया। शहर थाना पुलिस ने घायल की शिकायत पर चार युवकों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। रामराये गेट निवासी जतिन ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात वह अपने दोस्त राहुल के साथ रामराये गेट पर टहल रहा था।

### देसी पिस्तौल व 1 कारतूस सहित आरोपित गिरफ्तार
**कैथल।** स्पेशल डिटेक्टिव युनिट द्वारा ढांड क्षेत्र से एक आरोपी को काबू किया है। कब्जे से एक 315 बोर देसी पिस्तौल व 1 कारतुस बरामद हुआ। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि स्पेशल डिटेक्टिव युनिट प्रभारी एसआई रमेश कुमार की अगुवाई में एएसआई धर्म सिंह व एचसी रघुबीर सिंह की टीम को गुप्त सूचना मिली थी।

### घर में घुसकर महिला से अश्लील हरकत, केस दर्ज
**जींद।** गांव काब्रच्छा घर में घुस कर महिला से अशील हरकत करने पर महिला थाना पुलिस ने एक व्यक्ति के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। गांव काब्रच्छा निवासी एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह घर में अकेली थी। उसी दौरान गांव का ही वकील घर में घुस आया और अशील हरकत करने लगा।

### संदिग्ध हालात में हत्या का आरोप, मामला दर्ज
**कैथल।** देश में एक तरफ महिलाओं को कंधे से कंधा मिलाकर चलने के नारे दिए जा रहे हैं, वहीं दूसरी तरफ आज भी बेटियां दहेज की बलि बेदी पर चढ़ रही हैं. ये सब वही समाज कर रहा है, जहां के लोग चांद पर घर बनाने के सपने देख रहे हैं। जी हां, कैथल के कलायत में परिजनों ने आरोप लगाया है कि उनकी विवाहित बेटी को दहेज की खातिर गला घोंट कर मौत के घाट उतार दिया है।

## हाइकोर्ट पहुंचा मामला, चौधर की सियासत पर स्टे

# जिप चेयरमैन पर अविश्वास प्रस्ताव को लेकर वोटिंग आज, नहीं घोषित किया जाएगा परिणाम

भाजपा व जजपा का गठबंधन टूटने के बाद चल रहा घमासान

**गरमाई कैथल की राजनीति, एक खेमे के पार्षद कई दिन से सैर सपाटे पर**

सूरज सहारण ▶▶| कैथल

राजनीति कब किस करवट बैठेगी कुछ नहीं कहा जा सकता। ऐसा ही कुछ भाजपा व जजपा का गठबंधन टूटने के बाद कैथल में जिला परिषद चेयरमैन पद पर कई माह से चल रहे घमासान से देखने को मिल रहा है। गठबंधन टूटा तो जजपा के चेयरमैन दीपक उर्फ दीप मलिक के खिलाफ भाजपा समर्थित 15 पार्षदों ने अविश्वास का शपथ पत्र दिया। चेयरमैन के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव आया तो मामला हाईकोर्ट पहुंच गया। सुनवाई के बाद हाईकोर्ट ने 19 जुलाई को अविश्वास प्रस्ताव के लिए होने वाली वोटिंग पर तो रोक लगाने से इंकार कर दिया, परंतु चुनाव परिणाम घोषित करने के लिए उसके फैसले का इंतजार करने को कहा। हाईकोर्ट ने मामले की सुनवाई के बाद भले ही 19 जुलाई को निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार अविश्वास प्रस्ताव पर होने वाली वोटिंग पर रोक लगाने से इंकार कर दिया हो, परंतु वोटिंग के बाद चुनाव परिणाम घोषित करने पर रोक लगाकर मामले की सुनवाई पूरी होने तक चेयरमैन दीप मलिक को कुछ राहत जरूर दे दी है। 19 को होने वाली वोटिंग में चेयरमैन का ताज बचेगा या फिर नीचे से कुर्सी खिसकेगी, यह हाईकोर्ट से हरीझंडी मिलने पर वोटिंग के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा।


कैथल। जिला परिषद भवन

- कोर्ट ने वोटिंग के बाद चुनाव परिणाम घोषित करने पर रोक लगाकर मामले की सुनवाई पूरी होने तक चेयरमैन दीप मलिक को कुछ राहत जरूर दे दी

### 21 पार्षदों में से 15 खिलाफ
भाजपा नेतृत्व ने इसी साल लोकसभा चुनावों से पहले मार्च माह में मनोहर की जगह नायब सैनी को प्रदेश के मुख्यमंत्री की कमान सौंपने के साथ जजपा से गठबंधन भी तोड़ लिया था। हरियाणा में भाजपा व जजपा गठबंधन सरकार के दौरान जनवरी 2023 में जजपा नेता दीपक उर्फ दीप मलिक को कैथल जिला परिषद का चेयरमैन चुना गया था। गठबंधन टूटते ही दीप मलिक की कुर्सी पर मंडराना शुरू हुआ खतरा अब अविश्वास प्रस्ताव तक पहुंच गया है। जिला परिषद के 21 पार्षदों में 15 भाजपा व 6 जेजेपी समर्थक माने जाते हैं। फिलहाल भाजपा समर्थित 15 पार्षद दीप के खिलाफ एकजुट बताए जा रहे हैं। हालांकि असली तस्वीर 19 जुलाई के अविश्वास प्रस्ताव पर होने वाली वोटिंग का परिणाम घोषित होने के बाद ही सामने आ पाएगी।

### सभी पार्षदों के लिए दरवाजे हर समय खुलेः दीप

चेयरमैन दीप मलिक

चेयरमैन दीप मलिक ने कहा कि अविश्वास प्रस्ताव के लिए नोटिस जारी करते समय नियमों का पालन नहीं किया गया। जिस पर हाईकोर्ट ने सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। सरकार अब अविश्वास प्रस्ताव पर मतदान तो करवा सकेगी, परंतु सुनवाई पूरी होने तक परिणाम घोषित नहीं कर सकेगी। उन्होंने सरकार से मांग की कि कल की वोटिंग को स्थगित कर पूरी प्रक्रिया पर हाईकोर्ट का फैसला आने तक इंतजार किया जाए। उन्होंने कहा कि वोटिंग में केवल 20-21 लोगों ने वोटिंग करनी है। ऐसे में मतदान को गोपनिया रखना संभव नहीं है। वोटिंग के बाद सदस्य बाहर आकर स्वयं बता सकता है कि उसे पक्ष में वोट दिया या विपक्ष में। समूह में मतदान करने से स्वयं भी यह पता चल सकता है। ऐसे में डीसी 19 को होने वाले मतदान को स्थगित करें और असंतुष्ट सदस्य नियमों के अनुसार फिर से अपना प्रस्ताव ले आएं। राजनीतिक साजिश के तहत भाजपा के कैथल जिला परिषद पर कब्जा करवाने के लिए जल्दबाजी में नोटिस लाया गया है। उनके दरवाजे सभी के लिए 24 घंटे खुले हैं। जिला परिषद 19 जुलाई को मतदान के बाद भी पहले की ही तरह चलती रहेगी तथा जिला परिषद का कामकाज ठप करने की साजिश को कामयाब नहीं होने दिया जाएगा।


जींद। खाली पड़ा तहसील परिसर। फोटो :हरिभूमि

# हड़ताल से सरकारी कामकाज और सेवाएं हो रही प्रभावित

- कंप्यूटर आपरेटरों का करनाल कूच डाटा एंट्री आपरेटर सामूहिक अवकाश पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा कंप्यूटर प्रोफेशनल संघ के आह्वान पर हडतालरत कंप्यूटर ऑपरेटरों ने वीरवार को करनाल कूच किया तो डाटा एंट्री आपरेटर सामूहिक अवकाश पर रहे। जिसके चलते चौथे दिन भी सरकारी सेवाएं ठप होने के साथ सरकारी कामकाज भी प्रभावित रहा। तहसील कार्यालय में तहसील से संबंधित ठप पड़े रहे। जिले में कोई रजिस्ट्री नही हुई, जिससे अबतक लगभग 20 करोड़ राजस्व प्रभावित हुआ है। वहीं फर्द, इंतकाल, जमाबंदी, सरल केंद्र से जुड़ी सेवाए भी ठप पड़ी हुई हैं। काम नहीं होने से लोगों को भारी परेशानी हो रही है। कंप्यूटर आपरेटर की हड़ताल को देखते हुए जिला प्रशासन ने व्यवस्था बनाने की कोशिश की लेकिन सरल केंद्र मे व्यवस्था के नाम पर दो-तीन सीटों पर आपरेटर दिखाई दिए। अधिकांश सीटें तथा खिड़कियां खाली रही। जिससे लोगों की परेशानी लगातार बनी रही। वहीं हडतारत कंप्यूटर आपरेटरो ने वीरवार को करनाल के लिए कूच किया। हरियाणा कंप्यूटर प्रोफेशनल संघ के संगठन संयोजक राजेश गौतम ने बताया कि सरकार की हठधर्मिता के चलते हडताल को मजबूर होना पड़ा। सरकार को हररोज करोड़ों रुपये के राजस्व का नुकसान हो रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार को उनकी मागे माननी चाहिए। डाटा एंट्री ऑपरेटर और जूनियर प्रोग्रामरों वीरवार को सामूहिक अवकाश पर रहे। यूनियन के जिला महासचिव रिषि ने बताया कि जिन विभागों में हारट्रोन के माध्यम से अनुबंध आधार पर कर्मचारी कार्यरत हैं और पद स्वीकृत नहीं है।

### तहसील में नही हो रहा कार्य : नायब तहसीलदार
नायब तहसीलदार बलराम जाखड़ ने बताया कि कप्यूटर आपरेटर की हड़ताल से कामकाज प्रभावित हो रहा है। कंप्यूटर ऑपरेटरों की हड़ताल से तहसील कार्यालय में रजिस्ट्री के अलावा इंतकाल, फर्द, जमाबंदी जैसे कार्य भी नहीं हो पा रहे है।

# पानी की निकासी न होने से लोग दुःखी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना



बारिश के 24 घंटे बाद भी पुरानी मंडी, अतिरिक्त मंडी, मस्जिद वाली गली, सर्विस रोड पर बारिश के पानी का भराव रहा। राहगीरों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बारिश के 24 घंटे के बाद भी पानी की निकासी नहीं होना बारिश के पानी की निकासी के पुख्ता प्रबंधों की पोल खोल रहा है। पुरानी मंडी से होकर बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन वाहन चालक, राहगीर जाते है। अतिरिक्त मंडी में भी जलभराव होने से आढ़तियों को परेशानी हो रही है। मस्जिद वाली गली में पानी भरने से वार्ड 6 में जाने वाले लोगों, स्कूल जाने वाले विद्यार्थियों को परेशानी हो रही है। ऐसे ही सर्विस रोड पर भरे पानी के चलते राहगीर परेशान है। बलवान ने कहा कि बारिश के 24 घंटे के बाद भी पानी की निकासी नहीं होना इस बात का प्रमाण है कि पानी निकासी को लेकर जो प्रबंध किए गए है वो पुख्ता नहीं है। राहगीरों को पानी से होकर आना-जाना पड़ रहा है। पानी निकासी को लेकर पुख्ता प्रबंधन होने चाहिए। बारिश का पानी की निकासी साथ-साथ हो ऐसी व्यवस्था होनी चाहिए। एसडीएम गुलजार मलिक ने कहा कि पानी निकासी के पुख्ता प्रबंध होने चाहिए। इसको लेकर संबंधित विभागों से बात कर जानकारी लेंगे कि क्यों पानी की निकासी नहीं हो रही है।

### एक किलो 38 ग्राम चरस के साथ दो चढ़े सीआईए के हत्थे
**जींद।** सीआइए स्टाफ ने भंभेवा जलघर के पास दो लोगों को काबू कर कब्जे से एक किलो 38 ग्राम चरस बरामद किया है। चरस बेचने के लिए ग्राहकों का इंतजार कर रहे थे। पिल्लूखेड़ा थाना पुलिस ने दोनों के खिलाफ नशीले पदार्थ समेत कई भारतीय न्याय संहिता के तहत केस दर्ज कर पूछताछ शुरू कर दी है। सीआईए स्टाफ को सूचना मिली थी कि भंभेवा जलघर के पास दो व्यक्ति नशीले पदार्थ के साथ खड़े हैं। जो ग्राहकों का इंतजार कर रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते दोनों को काबू कर लिया। पुलिस ने पहले एक व्यक्ति की तलाशी ली तो उसके कब्जे से 734 ग्राम चरस बरामद हुई। पुलिस पूछताछ में व्यक्ति की पहचान गांव मोरखी निवासी संजय के रूप में हुई। उसके दूसरे साथी की तलाशी ली तो उसके कब्जे से 304 ग्राम चरस बरामद हुई।

# २ वाहन चोर दबोचे, 8 बाइक बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल



बाइक चोरी के मामले में सीआईए-1 प्रभारी इंस्पेक्टर महेंद्र सिंह की अगुवाई में एचसी जसमेर सिंह की टीम द्वारा करते हुए आरोपी बिधराना निवासी विशाल व गांव बरोट निवासी गौतम को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि गांव बेगपुर निवासी कर्मसिंह की शिकायत अनुसार 9 अप्रैल 2023 को उसकी बाइक उसके खेत कोठा के पास से अज्ञात व्यक्ति चुरा ले गया था। जिस बारे थाना ढांड़ में मामला दर्ज है। उपरोक्त मामले में पुलिस द्वारा आरोपी विशाल को पहले ही गिरफ्तार कर लिया गया था। प्रवक्ता ने बताया की पुलिस टीम द्वारा आरोपी विशाल को बुधवार को काबू करके व्यापक पूछताछ के लिए न्यायालय से 1 दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया गया था। आरोपी विशाल से रिमांड अवधि दौरान पूछताछ दौरान दूसरे आरोपी गौतम को काबू करने के अतिरिक्त आरोपियों के कब्जे से उक्त मामले की बाइक सहित कुल 8 चोरीशुदा बाइक बरामद की गई। इन सभी बाइकों में आरोपियों द्वारा 7 बाइक जिला कैथल व 1 बाइक जिला पानीपत से चोरी करनी कबूल की गई है। दोनों आरोपियों को न्यायालय के आदेशानुसार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### आकाश में छाए बादल


### आकाश में छाए बादल, जागी बरसात की उम्मीद
**जींद।** जिले में मानसून की सक्रियता से वीरवार दोपहर बाद मौसम ने करवट ली। आकाश में बादलों को जमावड़ा भी लगा रहा और बारिश के आसार बने रहे। मानसून की सक्रीय होने से बारिश की आस जागी है। हालांकि दोपहर तक मौसम मे जबरदस्त उमस बनी रही। तापमान में मामूली गिरावट दर्ज की गई। वीरवार को अधिकतम तापमान 33 डिग्री तथा न्यूनतम तापमान 29 डिग्री दर्ज किया गया। मौसम में आद्रता 59 प्रतिशत तथा हवा की गति 11 किलोमीटर प्रति घंटा दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार 21 व 22 जुलाई अच्छी बारिश की संभावना बनी है। तब तक बिखराव में बारिश तथा बूंदाबांदी की संभावना बन रही है। कमजोर हुआ मानसून फिर से जिले में सक्रीय हुआ है। मानसून सीजन में अबतक औसत से कम बारिश हुई है। वीरवार को दोपहर तक मौसम में उमस बनी रही। बाद में मौसम ने करवट ली और आकाश में गहरे बादल छा गए। जिसके चलते बारिश के आसार बने रहे। हालांकि पिछले 24 घंटों के दौरान उचाना तथा नरवाना में बारिश हुई है। आकाश में बादलों के छाने से तापमान में भी गिरावट दर्ज की गई। मौसम भी सुहाना बना रहा। 21 तथा 22 जुलाई को अच्छी बारिश के आसार बन रहे हैं। तब तक आकाश में बादल छाए रहने तथा बिखराव मे बारिश व बूंदाबांदी के आसार हैं।

### अधूरी पाइपलाइन और नलकूप लगाने की सरपंचों ने की मांग
**जींद।** उपमंडल अभियंता रणवीर सिंह ने कहा कि ग्राम पंचायत झांझ खुर्द जगह उपलब्ध करवाती है तो उसके लिए अलग से वाटर स्टोरेज टैंक का निर्माण करवाया जाएगा, जिससे उनकी पेयजल की समस्या हमेशा-हमेशा के लिए खत्म हो जाएगी। गांव का अलग से वाटर स्टोरेज टैंक बनने से ग्रामीणों को 55 लीटर प्रति व्यक्ति की जगह 70 लीटर प्रति व्यक्ति पेयजल उपलब्ध करवाया जाएगा। उपमंडल अभियंता रणवीर सिंह वीरवार को ब्लाक जींद के विभिन्न गांव से आए हुए सरपंचों से बातचीत कर रहे थे। गौरतलब है कि गांव झांझ खुर्द व झांझ कलां में सयुंक्त जलघर बना हुआ है। जहां से दोनों गांव में पेयजल की सप्लाई होती है। उपमंडल कार्यालय में पहुचे झांझ खुर्द के सरपंच ने गांव की कुछ गलियों में लगभग दो किलोमीटर लंबी पाइप लाइन लगाने की मांग की। गांव बरसोला के सरपंच ने गांव में नलकूप लगाने, जलघर की क्षमता बढ़ाने, कुछ गलियों में पाइप लाइन बनाने व एक अन्य स्टोरेज टैंक बनाने की बात कही। इस मौके पर गांव अमरेहड़ी के सरपंच कृष्ण कुमार ने पूरे गांव में नहरी पेयजल सप्लाई के लिए जींद शहर के लिए प्रस्तावित बडोदी स्कीम से गांव को जोडने की मांग की। इसके साथ ही नई लगाई गई पाइप लाइन को जोडने व लीकेज को ठीक करने की मांग की। दरियावाला के सरपंच ने वाटर स्टोरेज टैंक की सफाई व रिपेयर की मांग की। बडौदी के सरपंच ने भी पेयजल से संबंधित अपनी समस्या रखी।

**निरीक्षण** ट्रैकमैन को रेन कोट उपलब्ध करवाने की मांग उठाई

# डीआरएम ने जींद और जुलाना रेलवे स्टेशन का लिया जायजा

एनआरएमयू ने कर्मियों से संबंधित समस्याएं रखी डीआरएम के सामने

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद


जींद। जंक्शन पर बिल्डिंग का निरीक्षण करते डीआरएम। फोटो :हरिभूमि

रेलवे डीआरएम सुखविंद्र सिंह वीरवार सुबह जींद जंक्शन पहुंचे। जहां उन्होंने जंक्शन की निर्माणाधीन बिल्डिंग से निरीक्षण की शुरुआत की। उन्होंने बनने वाले नए जंक्शन का नक्शा देखा और समझा। इस दौरान स्थानीय विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा पहुंचे और उन्होंने भी डीआरएम को एक मांगपत्र सौंपा। इसके अलावा एनआरएमयू के पदाधिकारियों ने भी अपनी मांगें डीआरएम के समक्ष रखी। इसके बाद पावर कैबिन और रनिंग रूम का निरीक्षण कर अधिकारियों को जरूरी निर्देश दिए। इस अवसर पर सीनियर डीसी एम आनंद मोहन, सीनियर डीईएन रजत कुमार, सीनियर डीएसटी विजेंद्र सिंह, सीनियर सेक्शन इंजीनियर रमेश चोपड़ा भी मौजूद रहे। इस दौरान नॉर्दर्न रेलवे मेंस यूनियन जींद शाखा के सचिव मेहर सिंह ने डीआरएम को मांग पत्र सौंपा। उन्होंने कहा कि लोको पायलट वेटिंग रूम में एसी नहीं लगा है। जिस कारण सीएलआई को गर्मी के मौसम में काफी काउंसलिंग करने में परेशानी होती है। ट्रैकमैन को रेन कोट भी उपलब्ध नहीं करवाए गए हैं। जिस कारण पेट्रोलिंग करने में परेशानी होती है। रोड साइड स्टेशन जहां पर क्रू बदलता है, वहां से पहले गाड़ी द्वारा क्रू को हेड क्वार्टर या दायं-बायं दौडऩे के लिए पहली गाड़ी रूकवाई जाए। जिससे क्रू की डयूटी घंटे न बढ़े। गार्ड लोबी में लगे एसी दस साल पुराने है।



दो साल, बे मिसाल

शहर में बढ़ते कदम विकास के...

सबका साथ, सबका विकास,
सबका विश्वास और सबका प्रयास...

शहर के विभिन्न सामुदायिक केन्द्रों के रखरखाव व मुरम्मत के लिए आबंटित किए 3.34 करोड़ रूपये।

| | | | |
|---|---|---|---|
| सैनी भवन | 11 लाख | आर्य समाज स्कूल | 6 लाख |
| अम्बेडकर भवन | 17 लाख | गौड धर्मशाला | 18 लाख |
| ब्राहाम्ण धर्मशाला | 8 लाख | लक्ष्मी नारायण सभा | 31 लाख |
| धीमान धर्मशाला | 35 लाख | नीलकंठ मंदिर में हाल | 35 लाख |
| जांगड़ा धर्मशाला | 6 लाख | बाल भवन में रंगशाला निर्माण हेतु | 12 लाख |
| विश्वकर्मा धर्मशाला | 25 लाख | भट्ट चौपाल | 9.50 लाख |
| रैबारी धर्मशाला | 5 लाख | वाल्मिकी चौपाल | 9 लाख |
| सर्वजातीय धर्मशाला | 10 लाख | रविदास धर्मशाला | 9.90 लाख |
| बाबा श्याम लाल चौपाल | 15 लाख | अम्बेडकर भवन (वार्ड नं. 30) | 15 लाख |
| राधा कृष्ण हाल | 10 लाख | अम्बेडकर भवन माजरा बस्ती | 25 लाख |
| सनातन धर्म सभा | 11 लाख | छोटी देवी मन्दिर शैड निर्माण हेतु | 11 लाख |

(उक्त राशि के विकास कार्यों के टैंडर जारी हो चुके है।)

- 400 से अधिक गलियों का हुआ निर्माण
- 400 से अधिक परिवारों को मीले पक्के मकान
- 20 से अधिक कॉलोनियों को कराया वैध, बाकी 25 कॉलोनियों को भी जल्द करवाया जाएगा वैध।
- शहर के सौंदर्यीकरण को दिया बढ़ावा, कोठी गेट, रेलवे गेट व मॉडल टाउन गेट की मिली सौगात
- कैथल में बना हरियाणा का पहला तोरन गेट
- पुरानी बंद पड़ी लाइट बदलकर नई एलईडी मुख्य मार्गों पर लग चुकी है।
- शहर की वैध हुई कॉलोनियो में शुरू हुए लगभग 25 करोड़ के विकास कार्य
- बेसहारा गोवंश के आश्रय हेतु जींद रोड पर 7 एकड़ में जल्द मिलेगी गौशाला
- दिव्यांग बच्चों की शिक्षा व कल्याण हेतु डोगरा गेट पर भवन मुहैय्या करवाया



शहर की प्रमुख सड़कों भगत सिंह चौंक से चन्दाना गेट, सैक्टर 19 की मुख्य सड़क, लाला चरण दास शोरवाला मार्ग, अशोका गेट से जीन्द रोड़, सिल्ला खेड़ा ड्रेन डिसपोजल से बाईपास, जींद रोड मॉडल टाउन में गोशाला रोड, भगत सिंह चौक से चंदाना गेट का हुआ निर्माण

सुरभि गर्ग, चेयरपर्सन
नगर परिषद, कैथल के नेतृत्व में किए जा रहे अभूतपूर्व विकास कार्य



नगर परिषद, कैथल

## खबर संक्षेप

### शिविर में एसडीएम ने सुनीं समस्याएं

**जींद ।** लघु सचिवालय उचाना में आमजन की शिकायतों को सुनने के लिए समाधान शिविर आयोजित किये जा रहे हैं। इस समाधान शिविर में आमजन अपनी शिकायतें लेकर पहुंच रहे है। उचाना के एसडीएम गुलजार मलिक द्वारा समाधान शिविर में आमजन की शिकायतों को पूरी गहनता से सुना जा रहा है और उनका मौके पर ही निदान किया जा रहा है।

### कई किसानों के खेतों से केबल चोरी, केस दर्ज

**सफीदों।** उपमंडल के गांव बिटानी से अज्ञात चोर खेत से सामान चोरी कर ले गए। पुलिस को बिटानी निवासी अमित ने कहा कि रात को चोर उसके खेत से समबर्सीबल की 70 फुट केबल व 10 थैली रिजेन्ट चोर कर ले गए। इसके अलावा चोर बलवान के खेत से 14 फुट केबल, जयभगवान के खेत से 20 फुट केबल, भगत सिंह के खेत से 6 फुट तार, फुलकुवार के खेत से 8 फुट व कैलाश के खेत से 40 फुट केबल चोरी करके ले गए।

### धर्मपाल प्रधान, भीम सिंह अलेवा बने उपप्रधान

**उचाना।** उचाना विधानसभा के रिटायर्ड कर्मचारी इम्पालाईज सेल कांग्रेस कमेटी की मीटिंग हुई। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष ओमसिंह खोखरी ने की। उचाना हलके की कमेटी के गठन को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। सर्वसम्मति से धर्मपाल घोघड़िया को प्रधान, भीम सिंह अलेवा को उप प्रधान चुना गया। सर्वसम्मति से 21 सदस्यों की कमेटी गठित करने का अधिकार प्रधान धर्मपाल घोघड़िया को दिया।

### आज मानव दूसरों के सुखों से दुःखी

**जींद।** असमर्थ महिला कल्याण ट्रस्ट के संस्थापक रामनिवास अहिरका ने कहा कि आज संसार के औसत व्यक्ति के पास सुख व सुविधा के साधन पहले से काफी अधिक हैं लेकिन फिर भी आज के औसत व्यक्ति के मन में पहले जैसा प्रेम, प्यार, सहयोग, विश्वास, आत्मियता अपनापन नहीं। इसका एक कारण आज के बहुत से लोगों के मन में बढ़ती व्यर्थ की ईर्ष्या भी है।

### अलग-अलग स्थानों से तीन युवतियां लापता

**जींद।** जिले में अलग-अलग स्थानों से तीन युवतियों के संदिग्ध हालात में गायब होने पर संबंधित थाना पुलिस ने अज्ञात लोगों के खिलाफ मामले दर्ज किए हैं। पुलिस मामलो की जांच कर रही है। धर्म सिंह कालोनी निवासी एक महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि बीती रात उसकी बेटी घर से गायब हो गई।

### जींद में हरियाणा मांगे हिसाब पदयात्रा कल

**जींद ।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पवन गर्ग ने कहा कि पिछले 10 वर्षो के दौरान भाजपा सरकार ने आमजन को परेशान क रने के लिए जो निर्णय लिए उनकी पोल खोलने और पार्टी के संकल्प को लोगों के द्वार-द्वार पहुंचाने के लिए सांसद दीपेंद्र हुड्डा 20 जुलाई को जीन्द में हरियाणा मांगे हिसाब पदयात्रा निकालेंगें। शनिवार को दोपहर बाद डीआरडीए मार्किट गोहाना रोड से शुरू होने वाली यह पदयात्रा शहर के मुख्य बाजार से होते हुए रामराये गेट चौक पर समाप्त होगी।

### लगाएं अधिक से अधिक पौधे : एसडीएम

**उचाना।** एसडीएम गुलजार मलिक ने पर्यावरण संरक्षण के लिए आम नागरिकों से एक पेड़ मां के नाम पौधारोपण अभियान में बढ़चढकर भागीदारी करते हुए मानसून सत्र में अधिक से अधिक पौधारोपण करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि सरकार और प्रशासन पर्यावरण संरक्षण और संवर्धन के प्रति पूरी तरह गंभीर है।

### डीसी ने जल संरक्षण अभियान के दिए निर्देश

**जींद ।** डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने जल संरक्षण को लेकर वीरवार को लघु सचिवालय स्थित सभागार में अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने जल संरक्षण एवं वर्षा जल संचयन, पारंपरिक और अन्य जल निकायोंए टैंकों का नवीनीकरण पुनः उपयोग बोरवेल, सघन वनीकरण आदि महत्वपूर्ण सुझाव दिए।

## उपायुक्त ने समाधान शिविर में सुनीं आमजन की फरियाद

# समस्याओं के समाधान के लिए गंभीरता से लिया जा रहा एक्शन

### जनता की समस्याओं के त्वरित समाधान में शिविर हो रहे कारगर साबित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

सरकार के निर्देशानुसार जिला प्रशासन की ओर से जींद लघु सचिवालय स्थित सभागार में डीसी मोहम्मद इमरान रजा द्वारा आम जनता की शिकायतों पर तुरंत संज्ञान लेते हुए समस्याओं का अविलंब समाधान सुनिश्चित किया जा रहा है। वीरवार को डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने समाधान शिविर में नागरिकों की समस्याएं सुनी और उनकी समस्याओं का प्राथमिकता के साथ मौके पर समाधान करते हुए नागरिकों को राहत पहुंचाई तथा कई समस्याओं के समाधान के लिए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि हरियाणा सरकार की ओर से समाधान प्रकोष्ठ का भी गठन किया गया है। जिसका उद्देश्य शिकायत निवारण प्रक्रिया को व्यवस्थित करना और लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान करना है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक शिकायत का शिकायतकर्ता की पीपीपी संबंधित विभाग और शिकायत के विवरण के साथ दस्तावेजीकरण किया जा रहा है। उन्होंने जिला के नागरिकों से आहवान किया कि वे अपनी समस्याओं के समाधान के लिए राज्य सरकार के निर्देशों पर जिला प्रशासन द्वारा प्रत्येक कार्यदिवस में आयोजित किए जा रहे समाधान शिविर में सुबह 9 बजे से 11 बजे तक लिखित शिकायत लेकर आएं उनकी शिकायतों पर तत्परता से संज्ञान लिया जाएगा। डीसी ने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा समस्याओं के समाधान को लेकर पूरी गंभीरता के साथ एक्शन लिया जाता है व जल्द से जल्द समाधान सुनिश्चित किया जाता है। उन्होंने बताया कि परिवार पहचान पत्र, राशन कार्ड, विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, नगर परिषद से जुड़ी समस्याओंए पंचायती राज या फिर किसी अन्य विभाग की समस्या हो तो शिविर में उनका समाधान कराया जा सकता है। उन्होंने कहा कि समाधान शिविर का मुख्य उद्देश्य लोगों की समस्याओं का एक ही छत के नीचे जल्द से जल्द समाधान करना है। यानि लोगों को एक कार्यालय से दूसरे कार्यालय अथवा एक कक्ष से दूसरे कक्ष या एक टेबल से दूसरी टेबल पर जाने की जरूरत नहीं है। उन्होंने बताया कि वीरवार को समाधान शिविर में आमजन द्वारा 99 शिकायतें समाधान के लिए रखी गई। इस अवसर पर अतिरिक्त उपायुक्त डा. हरीश वशिष्ठ, नगरायुक्त वीरेंद्र सहरावत, जींद के एसडीएम राकेश सैनी, जिला परिषद की सीईओ डा. किरण, राजस्व अधिकारी राजकुमार, डीएसपी रोहताश ढुल व अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।



जींद। समाधान शिविर में शिकायतें सुनते डीसी। फोटो :हरिभूमि



जींद। शिकायतों का समाधान करते मनीष फोगाट। फोटो :हरिभूमि

### समाधान शिविरों के प्रति नागरिकों का बढ़ रहा रुझान

**सफीदों।** नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए एसडीएम मनीष फोगाट के नेतृत्व में उपमंडल प्रशासन द्वारा लघु सचिवालय में आयोजित किए जा रहे समाधान शिविरों का लोगों को खूब लाभ मिल रहा है। शिविर में एसडीएम विभिन्न विभागों से जुड़ी समस्याओं को सुनकर मौके पर ही समाधान कर रहे हैं। उपमंडल प्रशासन की इस पहल को लेकर नागरिकों की काफी सकारात्मक प्रतिक्रिया देखने को मिल रही है और प्रशासन के इस प्रयास की सराहना कर रहे हैं। एसडीएम ने बताया कि समाधान शिविरों में प्रशासन के विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहते हैं और शिकायतों को गंभीरता से सुनते हुए तुरंत आवश्यक कार्रवाई करते हैं। वीरवार को आयोजित समाधान शिविर में कुल छह शिकायतें प्रार्थियों द्वारा रखी गई। जिनमें से चार का मौके पर ही समाधान कर दिया गया तथा एक शिकायत खंड एवं विकास पंचायत अधिकारी को व दूसरी शिकायत बिजली विभाग के अधिकारियों को समाधान करवाने को लेकर दी गई। एसडीएम ने कहा कि शिविरों के माध्यम से आने वाली सभी शिकायतों पर गंभीरता से लेते हुए जल्द समाधान करें। ताकि लोगों को समस्याओं से निजात मिल सके। कहा कि उपमंडल स्तर पर नियमित रूप से समाधान शिविर आयोजित किए जा रहे हैं।



जींद। पत्रकारों से बातचीत करते वजीर ढांडा। फोटो :हरिभूमि

## सरकार स्कूलों की राशि का करे भुगतान : ढांडा

- कहा : सरकार की नीति तथा नियत में खोट, मांगों पर किया मंथन, पूरी न होने पर सड़क पर उतर संघर्ष की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

हरियाणा प्राइवेट स्कूल संघ के प्रदेशाध्यक्ष वजीर सिंह ढांडा ने कहा कि सरकार की नीति तथा नियत ठीक नही है।

सरकार प्राइवेट स्कूलों का 134ए के तहत बकाया करोडों रुपये की राशि के तुरंत भुगतान करे। जब स्कूलों की स्थायी मान्यता है तो दस साल साल बाद फिर से रिन्युवल का कोई औचित्य है। जो स्कूल लंबे समय से अस्थायी मान्यता के साथ चले आ रहे हैं, उन्हें स्थायी मान्यता दी जाए। स्कूल बसों पर लगाया जा रहा यात्री टैक्स बंद किया जाए। उन्होंने चेताया कि अगर सरकार ने उनकी मांगें नही मानती तो प्राइवेट स्कूल संघ सड़कों पर उतरने से गुरेज नही करेगा। वजीर ढांडा प्रदेश कार्यकारिणी की बैठक लेने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे। उन्होंने कहा कि करोना काल से 134ए के तहत प्राइवेट स्कूलों का आठ सौ से एक हजार करोड़ रुपये सरकार की तरफ बकाया है। जिसका भुगतान अभी तक नही हुआ है। अब हर दस साल बाद स्कूलों की मान्यता को रिन्यूवल करेंगा। जबकि स्कूल हर साल अपना विवरण शिक्षा विभाग को भेजता है। स्कूल बसों की अवधि दस साल रखना गलत है। जबकि स्कूल बसें बहुत कम चलती हैं। जिनकी अवधि बीस साल की जानी चाहिए। स्कूल बसों में सफर करने वाले विद्यार्थियों को यात्री कहना तथा स्कूल बसों से पैसेंजर टैक्स वसूलना भी गलत है। महापुरूषों की जयंती के दिन छुट्टी की बजाय स्कूल स्तर पर मनाया जाया जाना चाहिए। 20 वर्षों से अस्थायी मान्यता वाले स्कूलों को स्थायी मान्यता दी जानी चाहिए। अकादमी रूल को सख्ती से धरातल पर लागू करें। उन्होंने चेताया कि अगर सरकार ने उनकी मांगों को नही माना तो प्राइवेट स्कूल संघ सड़कों पर उतरने को मजबूर होगा। यूनियन के वरिष्ठ उपप्रधान राजेश कुमार ने कहा कि भिवानी शिक्षा बोर्ड ने स्कूलों की स्थायी मान्यता को जांचने का फरमान जारी किया है।

## प्रदर्शन को लेकर रणनीति बनाई

- पीडब्ल्यूडी कर्मी 24 को होने वाले प्रदर्शन में लेंगे बढ़चढ़ कर भाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

पब्लिक हेल्थ यूनियन कार्यालय में वीरवार को हरियाणा गवर्नमेंट पीडब्ल्यूडी मैकेनिकल वर्करज यूनियन की बैठक जिला प्रधान राजबीर श्योकंद की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में 24 जुलाई को जिला मुख्यालय पर किए जाने वाले प्रदर्शन के लेकर रणनीति बनाई गई। उन्होंने कहा कि कर्मचारियों की मांगें काफी समय से लंबित हैं, जिन पर सरकार कोई ध्यान नही दे रही है। टर्म अप्वाइंटी कर्मचारियों की कौशल रोजगार निगम से बाहर की फाइल और कौशल रोजगार निगम के बराबर विभाग के रोल पर वेतन की फाइल पिछले काफी समय से लंबित है।

पंचायती ऑपरेटर के समय पर वेतन,कौशल रोजगार निगम भंग करके सभी प्रकार के कच्चे कर्मचारियों को विभाग के रोल पर समान काम समान वेतन दिए जाने, पुरानी पेंशन बहाल करने, एलटीसी का लाभ देने, जलमल की सप्लाई नगर निगम से वापस जनस्वास्थ्य अभियंत्रिक विभाग को हैंडोवर करना मुख्य है। अध्यक्ष राजबीर ने कहा कि आगामी अक्टूबर-नवंबर में हरियाणा में विधानसभा चुनाव है। वर्तमान सरकार के साथ अंतिम और निर्णायक लड़ाई संगठन लड़ेगा।



जींद। बैठक कर रोष जताते कर्मी। फोटो :हरिभूमि

### नकारात्मक सोच आगे बढ़ने में सबसे बड़ी बाधाः अशोक शर्मा

**उचाना।** महाराजा अग्रसेन मंदिर उचाना मंडी में धार्मिक प्रवचन में पुजारी अशोक शर्मा ने कहा कि लोहे को कोई नष्ट नहीं कर सकता। बस उसका जंग उसे नष्ट कर सकता है। इसी तरह आदमी को भी कोई और नहीं बल्कि उसकी नकारात्मक सोच ही नष्ट कर सकती है। सोच अच्छी रखो, निश्चित अच्छा ही होगा। सोच नकारात्मक रखने वालों के साथ कभी अच्छा नहीं हो सकता है। जीवन में खुश रहने का सबसे बड़ा मंत्र सोच का होता है। जो नकारात्मक सोच रखते है वो हमेशा परेशान मिलते है। जो अच्छी पॉजिटिव सोच रखते है वो हमेशा खुश मिलते है। उन्हें जीवन में कोई परेशानी हरा नहीं सकती है।

शर्मा ने कहा कि जीवन में दूसरे को बदलने के लिए प्रयास करने की बजाए खुद को बदलने के लिए प्रयास करने चाहिए। खुद में ही बहुत बदलाव की जरूरत होती है लेकिन खुद को बदलने की बजाए दूसरे को बदलने के प्रयास करने वाले हमेशा जिंदगी की इस दौड़ में पीछे मिलते है। शख्सियत अच्छी होगी तब ही दुश्मन बनेंगे, वरना बुरे की तरफ देखता कौन है।

## केंद्र सरकार की अग्निवीर योजना फौज को कमजोर करने वाली योजना : बृजेंद्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

पूर्व सांसद एवं कांग्रेस नेता बृजेंद्र सिंह ने कहा कि केंद्र सरकार की अग्निवीर योजना गलत है। ऐसा लगता है जिस तरह का खाका तैयार किया गया है उससे पेंशन ना देनी पड़े इसलिए ये योजना सरकार लेकर आई है। बेरोजगारी बढ़ रही है ऐसे में भर्ती में कमी नहीं आएगी लेकिन आप फौज को एक अधकचरा स्वरूप दे रहे हो जिसके परिणाम आने वाले दिनों में खतरनाक साबित होंगे। ये योजना फौज को कमजोर करने वाली योजना है। घसो खुर्द में पत्रकार वार्ता में पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला द्वारा बीजेपी के साथ जाने भूल के बयान पर पूर्व सांसद ने कहा कि अब कुछ कहते रहो अब इन बातों का कोई मतलब नहीं। बीजेपी के साथ जो गठबंधन जेजेपी ने तोड़ वो किसी मुद्दे पर नहीं तोड़ा। बीजेपी को शायद ये लगता था कि जो कांग्रेस का रूझान बढ़ रहा है उसको कम करने के लिए ये गठबंधन तोड़ कर कांग्रेस के वोट प्रभावित करने का काम कर सकते है।



जींद। जनसंपर्क अभियान के तहत ग्रामीणों के साथ पूर्व सांसद बृजेंद्र सिंह।



जींद। छात्रों को जागरूक करते स्वास्थ्य कर्मी। फोटो :हरिभूमि

### डेंगू को हराने के लिए सामूहिक सांझेदारी तय करें : कुंडू

**जींद।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कालवा के अंतर्गत एंटी डेंगू माह के तहत अनेक गांवों में स्कूली बच्चों एवं ग्रामीणों को डेंगू के प्रति जागरूक किया। स्वास्थ्य सुपरवाइजर बिजेंद्र बूरा, संदीप कुंडू, कपिल शर्मा, नीलम ने विभाग द्वारा जारी थीम सामूहिक सांझेदारी व भागेदारी बारे आमजन को जागरूक किया गया व सहयोग की अपील की गई। स्वास्थ्य कर्मी कपिल शर्मा ने बताया कि डेंगू को हराना सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। गर्मियों की शुरुआत में घर के आसपास मच्छरों की संख्या बढने लगती हैए मानसून आते आते डेंगू के मच्छर पनपने लगते हैं। इस मौसम में डेंगू, मलेरिया और चिकनगुनिया जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है। उन्होंने कहा कि डेंगू एक जानलेवा बीमारी है। डेंगू का संक्रमण मुख्य रूप से एडीज एजिप्टी प्रजाति के मादा मच्छरों के काटने से फैलता है। डेंगू में हाई ग्रेड फीवर, जोड़ों व मांसपेशियों में दर्द होना, आंखों के पीछे दर्द होना जो कि आंखों को घुमाने से बढ़ता है। इस बीमारी में बुखार के कारण प्लेटलेट्स तेजी से गिरने लगते है। कई बार रक्तस्राव होने से मरीज की मृत्यु भी हो जाती है।

## वार्ड तीन में 15 लाख से बनेगी गली

- लोग काफी समय से गली निर्माण की मांग उठा रहे थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

रजबाहा रोड से वार्ड नंबर तीन में जाने वाली गली का निर्माण नपा द्वारा करवा कर लोगों की पुरानी मांग पूरी की है। करीब 15 लाख खर्च कर गली का अधिकांश काम पूरा करवाया जा चुका है। गली का जायजा लेने के लिए पहुंचे एमई भूपेंद्र अहलवत, जेई सत्यवान ने कालोनी के लोगों से भी गली निर्माण को लेकर जानकारी ली। गली निर्माण का कार्य अच्छे तरीके से करने पर काम करने वाले मिस्त्री को एमई द्वारा प्रोत्साहन राशि के रूप में 500 रुपये देकर सम्मानित किया। एमई अहलावत ने कहा कि निरंतर नपा के अधीन आने वाले वार्डों में विकास कार्य तेजी से करवाए जा रहे है। वार्डों में गलियों का निर्माण चल रहा है। लोगों को चाहिए कि जिस वार्ड में गली बने वो गली का निर्माण कार्य खुद देखे ताकि उनके वार्ड में गली मापदंड के अनुसार बन सकें। निरंतर नपा टीम भी निरीक्षण करती रहती है। निरंतर गलियों के निर्माण को लेकर टेंडर प्रक्रिया अपना कर कार्य किया जा रहा है। नपा पार्षदों की मीटिंग में जो-जो प्रस्ताव पारित हुए है उन पर निरंतर काम हो रहा है।



उचाना। गली निर्माण कार्य का जायजा लेने पहुंचे एमई भूपेंद्र अहलावत, जेई सत्यवान। फोटो :हरिभूमि



महाविद्यालय कमरे में रखे कंप्यूटर की सफाई करते प्राचार्य सत्यवान मलिक।

### राजकीय महाविद्यालय में चलाया स्वच्छता अभियान

**जींद।** राजकीय महाविद्यालय के इको क्लब द्वारा स्वैच्छिक स्वच्छता अभियान एवं पेड़ व पौधों पर ग्रीन गार्ड लगवाने का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महाविद्यालय प्राचार्य सत्यवान मलिक की अध्यक्षता में किया गया। उन्होंने कहा कि पेड़, पौधों का मानव जीवन में बड़ा महत्व है। ये हमें न सिर्फ ऑक्सीजन देते हैं बल्कि तमाम प्रकार के फल फूल, जड़ी बूटियां और लकड़ियां आदि भी देते हैं। घर के आसपास पौधरोपण करने से गर्मी, भू क्षरण, धूल आदि की समस्या से बच सकते हैं। इसीलिए उनकी सुरक्षा करना हमारा परम कर्तव्य है। इको क्लब संयोजिका अंजना धवन ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण के लिए पेड़ व पौधों पर कॉलेज स्टाफ सदस्यों के सहयोग से ट्रीगार्ड लगाए गए हैं। इस कार्यक्रम के लिए महाविद्यालय में प्राचार्य सत्यवान मलिक ने 10, कंप्यूटर साइंस डिपार्टमेंट से 10, लाइब्रेरी, समाजशास्त्र, फिजिकल एजुकेशन डिपार्टमेंट से रणधीर खटकड़ ने पांच, कॉमर्स विभाग से भूपेंद्र ने पांच व अन्य विभाग ने ग्रीन ट्री गार्ड का सहयोग किया। सफाई अभियान में संपूर्ण महाविद्यालय ने अपना बढ़चढ़ कर सहयोग दिया।

## तीनों प्रस्तावित अंडरपास का शीघ्र करवाया जाए निर्माण

# विधायक ने रेलवे डीआरएम से की मुलाकात

- दिल्ली से अमृतसर वाया जींद व्यास एवं कुरूक्षेत्र दिल्ली वाया जींद ट्रेन का जल्द किया जाए विस्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

जींद के भाजपा विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा ने वीरवार को रेलवे जंक्शन पहुंचे रेलवे डीआरएम सुखविंद्र सिंह से मुलाकात की और जींद के लिए बेहद जरूरी प्रस्तावित तीन अंडरब्रिज का निर्माण कार्य शीघ्र शुरू करवाने व दिल्ली से अमृतसर वाया जींद व्यास एवं कुरूक्षेत्र दिल्ली वाया जींद ट्रेन के विस्तारीकण की बात कही। डीआरएम ने विधायक को आश्वासन दिया कि जो भी बात उन्होंने कही है, उस पर शीघ्र संज्ञान लिया जाएगा। विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा ने कहा कि जींद से काफी संख्या में श्रद्धालु अमृतसर और व्यास जाते हैं लेकिन रेलगाड़ी न होने के चलते काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। विधायक ने कहा कि अगर दिल्ली से अमृतसर वाया जींद व्यास एवं कुरूक्षेत्र दिल्ली वाया जींद ट्रेन का विस्तार कर दिया जाए तो जींद के हजारों श्रद्धालुओं को काफी लाभ होगा और बिना परेशानी के श्रद्धालु व्यास और अमृतसर जा सकेंगे। विधायक डा. कृष्ण मिड्ढा ने डीआरएम से कहा कि जींद के लिए तीन अंडरब्रिज प्रस्तावित हैं। जिनकी टेंडर प्रक्रिया भी पूरी हो चुकी है। ऐसे में जनहित को देखते हुए इन प्रस्तावित अंडर ब्रिज के निर्माण कार्यों को भी जल्द से जल्द शुरू करवाया जाए। विधायक ने बताया कि देवीलाल चौक पर अंडरपास, जींद-पानीपत रेलवे लाइन पर इम्पलॉयज कालोनी के निकट अंडरपास व रेलवे रेस्ट हाउस के पास अंडरपास बनाए जाने हैं। देवीलाल चौक पर अंडरपास के निर्माण कार्य में देरी से लोगों व स्थानीय दुकानदारों को भारी परेशानियों का समाना करना पड़ रहा है। ऐसे में तीनों प्रस्तावित अंडरपास का निर्माण जल्द से जल्द शुरू करवाया जाए। डीआरएम सुखविंद्र सिंह ने विधायक को आश्वासन दिया जल्द अंडरपास व दिल्ली से अमृतसर वाया जींद व्यास एवं कुरूक्षेत्र दिल्ली वाया जींद ट्रेन के विस्तारीकण के लिए विभाग द्वारा प्रयास किए जाएंगे।



जींद। रेलवे डीआरएम को मांग पत्र सौंपते विधायक। फोटो :हरिभूमि



जींद। अपने जन्मदिन पर पौधे रोपते डा. अन्नू। फोटो :हरिभूमि

### पर्यावरण संरक्षण के लिए पौधरोपण जरूरी : डा. अरविंद

**जींद।** जिला मुख्यालय स्थित नागरिक अस्पताल में डा. अन्नू ने अपने जन्मदिन को विशेष तरीके से मनाया। उन्होंने एमएस डा. अरविंद व डिप्टी एमएस डा. राजेश भोला के साथ अस्पताल परिसर में 11 पौधे रोपित किए। इसके साथ ही पौधों की सुरक्षा के लिए टीगार्ड भी लगाए गए ताकि पौधे बड़े होकर पेड़ बन सकें। एमएस डा. अरविंद ने कहा कि पर्यावरण की सुरक्षा के दृष्टिगत सभी को आगे आना होगा और अधिक से अधिक पौधा रोपण करके भविष्य के लिए जीवन को बचाना होगा। पर्यावरण व जीवन के बीच अटूट रिश्ता है। लगातार वृक्षों के कटने से पर्यावरण को नुकसान हो रहा है और इससे धरती पर लगातार तापमान बढ़ रहा है, इसलिए धरा को हराभरा व पर्यावरण को संतुलित करने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को पौधा लगाकर उसका संरक्षण भी करना होगा। उन्होंने कहा कि हमे अपने विशेष दिवसों पर पौधे अवश्य लगाने चाहिए।

## खबर संक्षेप

### मारपीट करने के मामले में उद्घोषित अपराधी काबू

**कैथल।** पी.ओ./बेलजंपरो की धरपकड़ के लिए एसपी उपासना के निर्देशानुसार विशेष मुहिम चलाई जा रही है। मुहिम दौरान वर्ष 2023 दौरान के मामले में पीओ पकड़ो स्टाफ इंचार्ज एसआई ओमप्रकाश की अगुवाई में एएसआई राजकुमार की टीम ने पीओ आरोपी संजय बस्ती चीका निवासी भजन सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया।

### आरकेएसडी कालेज में दाखिले को उमड़े छात्र

**कैथल।** आरकेएसडी कॉलेज में ओपन एडमिशन प्रक्रिया बिना किसी रुकावट के चल रही है। जिन छात्रों ने कल एडमिशन फॉर्म जमा करवाए थे, वे आज मेरिट लिस्ट में नाम देखने, फीस जमा करवाने, चालान बनवाने और एडमिशन लेने के लिए बड़ी संख्या में आए। आज कुल 300 से 400 विद्यार्थियों ने एडमिशन लिया। प्रिंसिपल डॉ. संजय गोयल ने कहा कि ओपन एडमिशन प्रक्रिया पर विद्यार्थियों का बहुत ध्यान है और जो विद्यार्थी आज फॉर्म जमा नहीं करवा पाए हैं, वे कल एडमिशन काउंसलिंग के दूसरे राउंड में भाग लेकर ऐसा कर सकते हैं।

### सम्मेलन में उमड़ेगा जनसैलाब : सुल्तान

**पूंडरी।** कांग्रेस के नेता एवं पूर्व मुख्य संसदीय सुल्तान सिंह जडौला ने कहा कि आगामी 4 अगस्त को सुबह 10 बजे पूंडरी के जश्न पैलेस में भाजपा सरकार से हरियाणा मांगे हिसाब अभियान के तहत आयोजित कार्यकर्त्ता सम्मेलन में ग्रामीणों व कार्यकर्त्ताओं का विशाल जनसैलाब उमड़ेगा। कहा कि कार्यकर्त्ता सम्मेलन को लेकर ग्रामीणों व कार्यकर्त्ताओं में भारी जोश व उत्साह है।

### दुकान से आभूषण चोरी के दो आरोपित दबोचे

**कैथल।** दुकान से आभूषण चोरी करने के मामले की जांच थाना शहर प्रबंधक इंस्पेक्टर बीर सिंह की अगुवाई में एएसआई जयभगवान सिंह की टीम द्वारा करते हुए आरोपी गांव हेनपुर जिला हुगली पश्चिम बंगाल निवासी बादशाह काजी तथा गांव मदरा जिला हुगली पश्चिम बंगाल निवासी शेख अजहर अली को गिरफ्तार करके दोनों आरोपियों का न्यायालय से 3 दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया गया था।

### सज्जन सिंह ने पूंडरी व कलायत से मांगी टिकट

**पूंडरी।** हल्के के कांग्रेसी नेता सज्जन सिंह ढुल ने 2 हल्के पूंडरी व कलायत के लिए आवेदन दे दिया है। ढुल ने पुराने हल्के पाई से 2005 में कांग्रेस टिकट पर चुनाव लड़ा था। वर्ष 2007 में पाई हल्का टूटकर 29 गांव कलायत हल्के से जुड़ गए थे और पाई समेत 11 गांव पुंडरी हल्के में चले गए थे। सज्जन सिंह ढुल 19 अक्टूबर 2008 को इनेलो पार्टी में शामिल हुए। पार्टी सुप्रीमो ओमप्रकाश चौटाला ने उनको कलायत हल्के से तैयारी करने के आदेश दिए और ऐन मौके पर टिकट पुंडरी से दे दी गई थी।

### मारपीट में एक व्यक्ति घायल, मामला दर्ज

**कैथल।** कस्बा चीका में हुई मारपीट में एक व्यक्ति घायल हो गया। युद्धवीर सिंह ने चीका पुलिस को दी शिकायत में रोक लगाया है कि 15 जुलाई को संजू ठाकुर, रवि ठाकुर ने अपने साथियों के साथ मिलकर उसके साथ मारपीट करते हुए उसे घायल कर दिया।

## अधिकारियों से लेकर विधायक तक लगा चुके गुहार

# दुकानों के सामने जमा नाले का पानी बना जी का जंजाल

### कारण सड़क का लेवल नीचा व नाले का लेवल ऊंचा होने से बार-बार आ रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पूंडरी



पूंडरी। कैथल रोड पर जमा नाले का पानी। फोटो : हरिभूमि

पूंडरी से कैथल रोड़ पर बनी मार्केट गुरु ब्रह्मानंद चौंक से लेकर लगभग आधा किलोमीटर के दुकानदारों के लिए सड़क के साथ बना नाला जी का जंजाल बना हुआ है। जब 4 वर्ष पहले ये नाला और सड़क बनी थी, तभी से ही विवादों में रही थी। विवाद में रहने का कारण सड़क का लेवल नीचा व नाले का लेवल ऊंचा है। जिसकी वजह से सड़क से बारिश के समय पानी नाले में जाने की बजाए, सड़क पर जमा रहता है। इसके अलावा सामान्य दिनों में भी नाले से पानी आगे जाने की बजाए, सड़क पर भरा रहता है। जिसकी वजह से सड़क के साथ बनी दुकानों के सामने नाले का गंदा पानी जमा रहता है और इससे दुकानदारों को अपनी रोजी रोटी के लाले भी पड़े हुए है। दुकानदारों का कहना है कि दुकानों के सामने पानी जमा होने से दुकानों की सेल नाम मात्र रह गई है। कोई भी ग्राहक पानी की वजह से नहीं आ रहा है। दुकानदार ओमप्रकाश गोलन, स. कुलवंत सिंह, काला सैनी, राजेश जांगड़ा, सुरेंद्र कुमार, पाला सैनी, सुनील कुमार व गजू मिस्त्री ने बताया कि वे कई बार इस समस्या को लेकर विधायक रणधीर गोलन व प्रशासनिक अधिकारियों को भी मिल चुके है, लेकिन चार साल से उनकी समस्या जस की तस बनी हुई है। इस समस्या को लेकर डीसी कैथल से लेकर कमिश्नर व विभाग के चीफ इंजीनियर को भी पत्र लिख चुके है। समस्या का हल करने की बजाए, उल्टा अधिकारियों ने दुकानदारों को ही नोटिस जारी कर दिया कि नाले के ऊपर बनाए गए रैंप तोड़ जाए। सभी दुकानदार रैप हटाने के लिए तैयार है, लेकिन नाले का पानी सड़क पर जाने की बजाए नाले में जाना चाहिए। जन प्रतिनिधि व सरकार के अधिकारी दावा करते है कि जन सुविधाएं दी जा रही है, लेकिन इस सरकार में कोई किसी की नहीं सुन रहा है। भ्रष्टाचार व्यापक स्तर पर फैल चुका है। क्योंकि जिस समय नाला और सड़क बनाई गई, उस समय भी दुकानदारों ने लेवल को लेकर विरोध किया था, लेकिन अधिकारियों की मिलीभगत से सब सही हो गया। सड़क पर पानी जमा रहने से करोड़ों रुपए की लागत से बनी सड़क भी टूट रही है।

#### नाला अवरुद्ध होने से आ रही परेशानी

नाले का निर्माण करवाना उनके विभाग का काम था, उसके बाद नाले की सफाई देखरेख का कार्य नगर पालिका व फतेहपुर पंचायत है। नाला अवरुद्ध पड़ा हुआ है। जिसकी सफाई करवाई जानी होती है। पानी से सड़क भी टूट रही है और वे कई बार पत्राचार के माध्यम से नपा व फतेहपुर पंचायत को अवगत करवा चुके है।

**दीपक चहल, एसडीओ पीडब्ल्युडी पूंडरी।**

## ग्योंग के छात्रों ने विश्वविद्यालय का किया शैक्षणिक भ्रमण


कैथल। आरोही मॉडल स्कूल के विद्यार्थी एनआईआईएलएम विश्वविद्यालय में पौधारोपण करते हुए। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

एनआईआईएलएम विश्वविद्यालय में आरोही मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल ग्योंग के छात्र-छात्राओं ने अपना शैक्षणिक दौरा किया और विवि के सभी विभागों के बारे में शैक्षणिक जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर सभी विभागों के प्राध्यापक मौजूद रहे और छात्रों को अपने अपने विषय के बारे मे विस्तार से बताया। कुलपति प्रोफेसर डॉक्टर शमीम अहमद ने उच्च शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते और विश्वविद्यालय में चल रहे विभिन्न कोर्स के संबंध मे जानकारी देते कहा कि विवि में छात्रों के उज्वल भविष्य के लिए विभिन्न प्रकार के प्रोफेशनल एवं उच्चशिक्षा से संबंधित कोर्स चलाए जा रहे हैं, जिसमें विद्यार्थी दाखिला लेकर अपना सुनहरा भविष्य बना सकते हैं। सचिव डॉ. राजीव दहिया ने कहा कि इस प्रकार की शैक्षणिक दौरे से विद्यार्थियों में आत्मविश्वास पैदा होता है। एडमिशन डायरेक्ट राजेंद्र गोयत ने विश्वविद्यालय में चल रहे विभिन्न प्रकार के कोर्सेज के बारे छात्रों को विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर स्कूली विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय के फेशन डिजाइन विभाग, स्पोर्ट्स विभाग, लॉ विभाग, विश्वविद्यालय लाइब्रेरी, स्कुल ऑफ फार्मेसी, मीडिया संस्थान के टीवी और रेडियो स्टूडियो का भ्रमण करवाया गया। इस अवसर पर आरोही मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल ग्योंग का टीचिंग स्टाफ एवं विश्वविद्यालय प्राध्यापकगण मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## जयंती समारोह का विभिन्न गांवों का दौरा कर निमंत्रण


राजौंद। जयंती का निमंत्रण देते हुए प्रजापत समाज के लोग।

**राजौंद।** भाजपा ओबीसी मोर्चा के कैथल जिला अध्यक्ष प्रवीण प्रजापति, काला प्रजापति श्याम प्रजापति संदीप पाडला, कृष्ण टीक ने गुरुवार को राजौंद क्षेत्र के किठाना, रोहेड़ा व राजौंद सहित दर्जनों गांवो का दौरा किया। इस दौरान आगामी 20 जुलाई को हिसार में आयोजित महाराजा दक्ष प्रजापति जयंती के राज्य स्तरीय सम्मेलन में पहुंचने का निमंत्रण दिया गया। उन्होंने बताया कि हरियाणा सरकार की और से महापुरुषों की जयंती और पुण्यतिथियों को बड़े अच्छे और भव्य तरीके से राज्य स्तर पर मनाया जाता है। इसी कड़ी में गुरु दक्ष प्रजापति जयंती समारोह का आयोजन 20 जुलाई को गुरु दक्ष प्रजापति आईटीआई बालसमंद रोड हिसार में आयोजित होगा। जिसे लेकर समाज के लोगों में काफी उत्साह है। प्रवीण प्रजापति ने बताया कि इस कार्यक्रम में प्रदेश के लोकप्रिय मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करेंगे और कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रदेश के लोकप्रिय नेता व हरियाणा विधानसभा के डिप्टी स्पीकर रणवीर सिंह गंगवा करेंगे। पाडला ने कहा कि 21 तारीख को कुरुक्षेत्र में भी जयंती समारोह मनाया जाएगा। सभी समाज बंधुओ में जयंती उत्सव को लेकर काफी खुशी है। राजौंद में नगर पालिका चेयरमैन प्रतिनिधि नरेंद्र प्रजापति, संजय, छैलू राम, जोगेंद्र, विनीत आदि मौजूद रहे।

## जिले को नशा मुक्त बनाना उद्धेश्य: कुलदीप बेनीवाल


कैथल। जांच व पूछताछ करते पुलिसकर्मी। फोटो :हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल

वीरवार की सुबह एसएचओ गुहला इंस्पेक्टर राजपाल, एसएचओ चीका एसआई सुरेश कुमार, एसएचओ सीवन इंस्पेक्टर नरेश कुमार, चौकी रामथली पुलिस प्रभारी एएसआई संदीप कुमार, एएनसी स्टाफ प्रभारी एसआई बलराज सिंह तथा कमांडो दस्ते के साथ 8 पुलिस टीमों द्वारा स्नाईपर डॉग की सहायता से गांव रत्ताखेड़ा लुकमान क्षेत्र में सर्च आपरेशन चलाया गया। इसके तहत पूरे क्षेत्र में आमजन के मन में सुरक्षा के भावों को पुख्ता किया गया व करीब 52 संदिग्ध घरो की जांच सहित अन्य जगह की छानबीन की गई कि कहीं किसी जगह कोई मादक पदार्थ छीपा रखा हो या कोई नशा बेचने वाला या आपराधिक कार्य करने वाला गैर कानूनी तरीके से न रहता हो। डीएसपी कुलदीप बेनीवाल ने बताया कि एसपी उपासना के आदेश पर चलाए गए अभियान का मुख्य उद्देश्य सुरक्षा व्यवस्था को पुख्ता करना व अपराधियों में भय उत्पन्न करना है।

## प्रशिक्षण केंद्रों को वितरित किए फर्स्ट एड बाक्स, फ्लोर दरी व वाटर कैंपर


कैथल। रेडक्रास सोसायटी के सचिव रामजी लाल सामान वितरित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

**कैथल।** जिला रैडक्रास सोसायटी द्वारा ईंट भट्टों पर काम करने वाले मजदूरों व अन्य श्रमिक मजदूरों के बच्चों के लिए शिक्षा विभाग हरियाणा के विशेष प्रशिक्षण केंद्र के लिए फर्स्ट एड बाक्स, फलोर दरी तथा वाटर कैम्पर की सुविधा उपलब्ध करवाई गई। यह सुविधाएं डीसी प्रशांत पंवार के मार्गदर्शन में एवं भारतीय रैडक्रास सोसायटी राज्य शाखा हरियाणा चंडीगढ महासचिव डा. मुकेश अग्रवाल के दिशा-निर्देशानुसार कैथल एसडीएम ब्रह्म प्रकाश ने वितरित की। जिला रैडक्रास सोसायटी के सचिव रामजी लाल ने बताया कि ईंट भट्टों पर काम करने वाले मजदूरों व अन्य श्रमिक मजदूरों के बच्चों के लिए 13 फर्स्ट एड बाक्स, 13 फलोर दरी तथा 13 वाटर कैम्पर की सुविधा उपलब्ध करवाई गई। इन सुविधाओं को पाकर मजदूरों एवं उनके बच्चों को काफी लाभ होगा। इस अवसर पर रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया गया। इस शिविर में सैंकड़ों रक्तदाओं ने स्वैच्छिक रूप से रक्तदान किया। इसके साथ ही सभी रक्तदाताओं को शपथ दिलवाई गई कि वे अपना रक्त नियमित रूप से दान करते रहेंगे, ताकि जरूरतमंद लोगों की जान बचाई जा सके। रामजी लाल ने कहा कि रक्तदान महादान है, इससे जरूरतमंद को जीवनदान दिया जा सकता है। प्रत्येक स्वस्थ व्यक्ति को नियमानुसार रक्तदान करना चाहिए।

## न्यूज डायरी

### सुंदरकांड पाठ और कीर्तन का आयोजन किया



**पूंडरी।** भारत विकास परिषद शाखा फतेहपूर-पूंडरी द्वारा मासिक प्रकल्प के अंतर्गत जुलाई मास में पंजाबी धर्मशाला श्री सत्यनारायण मंदिर पूंडरी में सुंदरकांड पाठ व कीर्तन किया गया। सुंदरकांड पाठ के बाद महिलाओं ने भजन कीर्तन कर भगवान का आशीर्वाद लिया। पूनम ने बहुत अच्छे तरीके से सुंदरकांड का पाठ करवाया और भजन कीर्तन किया। कार्यक्रम संयोजक बबीता सिंगला व श्रवण सिंगला रहे। कार्यक्रम में 55 महिलाओं ने भाग लिया। आरती के बाद सभी महिलाओं को प्रसाद वितरण किया गया।

### डीजे पर पाबंदी को लेकर डीसी से मिले डीजे संचालक

**कैथल।** दो दिन पहले कैथल जिला प्रशासन की ओर से कावड यात्रा के दौरान डीजे बजाने पर प्रतिबंध लगाने के विरोध में वीरवार को सभी डीजे संचालक डीसी कैथल से मिलने लघु सचिवालय में पहुंचे। डीजे संचलको ने कहा कि ये हमारी रोजी रोटी है। इसको बंद करके प्रशासन हमारे पेट पर लात मारना चाहता है। डीसी से मिलने के उपरांत डीजे संचालक निराश दिखे। उन्होंने बताया कि प्रशासन ने कैथल जिले में डीजे बजाने पर बिलकुल रोक लगा दी है। एक डीजे संचालक ने कहा कि हमारे साथ इस काम में 4 से 5 लोग जुड़े हुए हैं। अगर डीजे पर प्रतिबंध रहेगा तो सभी का रोजगार छिनेगा। उन्होंने कहा डीसी साहब का ये बिलकुल ही सख्त रवैया है। ऐसा करना हमारे साथ अन्याय है अन्य जिलो में डीजे जा रहे हैं। डीजे संचालको ने कहा कि हमने 2-2 महीनो से डीजे की बुकिंग की हुई है और अब मौके पर आकर ऐसा फरमान जारी करना बिल्कुल गलत है। उन्होंने कहा कि डीसी कैथल ने हमसे कहा कि अगर मेरा बस चले तो मै बिलकुल ही बंद कर दें। प्रशासन ने सरकार के आदेश बोलकर मामले से पल्ला झाड़ लिया है।

### लोगों की समस्याओं के समाधान को लेकर विभाग आपसी तालमेल के साथ कर रहे कार्य : कृष्ण कुमार



**गुहला चीका।** एसडीएम कृष्ण कुमार की अध्यक्षता में वीरवार को उपमंडल स्तरीय समाधान शिविर संपन्न हुआ। खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी गुहला-चीका कार्यालय में इस शिविर का आयोजन किया गया। एसडीएम ने समाधान शिविर में आमजन की समस्याएं सुनी और अधिकारियों को मौके पर ही समाधान करवाने के निर्देश दिए। एसडीएम ने बताया कि आज समाधान शिविर में कुल 23 शिकायतें आई, जिनमें से 15 का मौके पर ही समाधान किया गया, बाकि बची शिकायतों को संबंधित अधिकारियों को जल्द निपटान करने के निर्देश दिए। समाधान शिविर में नागरिकों ने प्रॉपर्टी आईडी, बुढ़ापा पेंशन, परिवार पहचान पत्र, बिजली, इत्यादि से संबंधित समस्याएं रखी। एसडीएम ने कहा कि समाधान शिविर समस्याओं के समाधान में काफी कारगर साबित हो रहे हैं।

### कलायत में चलाया जागरुकता अभियान

**कलायत।** कलायत नगर पालिका स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 के तहत स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों और चौपाल-चबूतरों पर जागरूकता अभियान जारी है। इस क्रम में संयोजक सुरेश चहल की अगुवाई में टीम ने प्ले वे स्कूल और आरकेएसडी स्कूल में कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें शिक्षकों, विद्यार्थियों और अभिभावकों को स्वच्छता से जुड़े महत्वपूर्ण पहुलओं की जानकारी दी गई। चहल ने कहा कि सफाई सही मायने में स्वस्थ जीवन की बुनियाद है। इसलिए इसके प्रति हर किसी को जागरूक होना जरूरी है। उन्होंने कहा कि मिशन के तहत नागरिकों को स्वच्छता के प्रति जागरूक किया जा रहा है। इसमें हर किसी का सहयोग टीम को मिल रहा है। उन्होंने सूखे व गिले कचरे को अलग-अलग बाक्स में रखने की जानकारी दी।



कैथल। डीसी प्रशांत पंवार समाधान शिविर में लोगों की शिकायत सुनते हुए।

### पच्चीस में से चौदह शिकायतों का मौके पर समाधान

**कैथल।** डीसी प्रशांत पंवार ने कहा कि सभी संबंधित अधिकारी समाधान शिविर में आने वाले लोगों को शिकायतों को गंभीरता से सुने और पूरी संवेदनशीलता के साथ इनका समाधान करे। किसी नागरिक के आवेदन में संबंधित दस्तावेजों की कमी है तो उसे पूरा करवाएं, ताकि शिकायत का जल्द निपटान हो सके। डीसी प्रशांत पंवार वीरवार को स्थानीय लघु सचिवालय के सभागार में आयोजित समाधान शिविर में संबंधित अधिकारियों को दिशा निर्देश दे रहे थे। शिविर के दौरान एडीसी सी. जया श्रद्धा, डीएमसी सुशील कुमार, डीएसपी उमेद तथा डीआरओ चंद्रमोहन ने अपने अपने विभाग से संबंधित शिकायतों पर सुनवाई की। शिविर के दौरान परिवार पहचान पत्र, पेंशन, राशन कार्ड, बिजली, सिंचाई, पुलिस आदि से संबंधित 25 शिकायतें आई, इनमें से 14 का मौके पर ही निपटान किया गया। कैथल के वार्ड नंबर 20 से आई कृष्णा व सोनू बीपीएल कार्ड बनवाने के लिए समाधान शिविर में आए। जहां संबंधित विभाग के अधिकारियों ने पोर्टल पर चैक किया तो दोनों आवेदक इस योजना का लाभ लेने के लिए सक्षम पाए गए। अधिकारियों ने बताया कि उनका बीपीएल कार्ड बन गया है और अगले महीने से राशन मिलना शुरू हो जाएगा।

## ओवरफ्लो तालाबों से पानी निकासी का जल्द किया जाए प्रबंधन : तेजी

- तालाब प्राधिकरण के सदस्य ने एसडीएम के साथ किया सीवन क्षेत्र के तालाबों की वर्तमान स्थिति का किया अवलोकन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कैथल


कैथल। तेजिन्द्र सिंह तेजी तालाबों का निरीक्षण करते हुए। फोटो :हरिभूमि

तालाब व अपशिष्ट जल प्रबंधन प्राधिकरण के सदस्य तेजिन्द्र सिंह तेजी ने वीरवार को कैथल एसडीएम ब्रह्म प्रकाश के साथ मिलकर सीवन क्षेत्र के ओवरफ्लो तालाबों की वर्तमान स्थिति का अवलोकन किया और सबंधित अधिकारियों के साथ इन तालाबों पर जल निकासी के काम को शुरू करवाने के निर्देश दिए। इस मौके पर तेजिन्द्र सिंह तेजी ने बताया कि सरकार द्वारा तालाबों के सुधारीकरण के लिए ही हरियाणा तालाब व अपशिष्ट जल प्रबंधन प्राधिकरण का गठन किया है ताकि तालाबों से संबंधित समस्याओं का तुरंत समाधान हो सके। इसके अंतर्गत प्रदेश में करीब साढे 19 हजार तालाब रजिस्टर्ड हैं, जिनको अलग से एक यूनिक आईडी नंबर दिया गया है। उन्होंने कहा कि अगर कोई तालाब ओवरफ्लो होता है तो प्रशासन मुस्तैदी से पानी की निकासी का प्रबंधन करें। उन्होंने बताया कि सीवन क्षेत्र के स्थानीय निवासियों ने प्राधिकारण को तालाब ओवरफ्लो होने की शिकायत की थी, जिस पर संज्ञान लेते मौके का मुआयना किया गया।



राजौंद। बाबा रोड़ा की प्रतिमा तथा भंडारे में पहुंचे श्रद्धालु। फोटो :हरिभूमि

### बाबा रोडा की पुण्यतिथि पर मेले का आयोजन

**राजौंद।** राजौंद के निकटवर्ती ढुड़ाना में बाबा रोड़ा की 67 वीं पुण्य तिथि पर मेला लगा। मेले में दूरदराज से हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर बाबा रोड़ा के स्थान पर मत्था टेककर मन्नतें मांगी। दिनभर पड़ी भयंकर गर्मी भी श्रद्धालुओं की आस्था को कम नही कर पाई। मेला स्थल पर पूरा दिन एक विशाल भंडारा भी चलता रहा। जिसमें श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। गुरुवार को सुबह अखंड पाठ का भोग डालकर दीवान सजाए गए। जिसमें पंजाब, हरियाणा, उत्तरांचल, राजस्थान से कीर्तन व ढाडी रागी आए जिन्हें श्रद्धालुओं ने पुरी श्रद्धा व आस्था के साथ सुना। इस दौरान पूर्व सरपंच रिशपाल सिंह, मौतम सिंह, सरपंच अमर सिंह, मास्टर भूपेंद्र सिंह, प्रीतम सिंह, नत्था सिंह, गुलाब सिंह, सुखदेव सिंह, इन्द्र सिंह चीमा, शेर सिंह ने बताया कि गांव में बाबा रोड़ा 1947 में पाकिस्तान से अन्य पंजाबियों के साथ आए थे तथा शुरू से ही उनका ध्यान तपस्या व भक्ति में था। गांव में ही तपस्या में लीन रहते बाबा रोड़ा जी 18 जुलाई 1957 को इस नश्वर संसार से सदा के लिए विदा हो गए। उसी दिन से बाबा जी की याद में गांव में इस मेले का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि बाबा रोड़ा जी की समाधि पर जो भी श्रद्धालु श्रद्धा व आस्था से नतमस्तक होकर मन्नतें मांगता है वह अवश्य ही पुरी होती है।

## 2 वर्ष के बाद भी अनिवार्य सेवाओं का गतिमान न होना गंभीर

# उपमंडल मुख्यालय भवन को 2 वर्ष से लिफ्ट सेवा की दरकार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कलायत



कलायत। उप मंडल मुख्यालय पर बंद लिफ्ट के पास लगाया समाधान शिविर का बैनर।

कलायत में उप मंडल मुख्यालय भवन को 2 वर्ष लिफ्ट सेवा की इंतजार है। उप मंडल मुख्यालय भवन का 4 सितंबर 2022 को तत्कालीन मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने उद्घाटन किया था। करीब 2 वर्ष के बाद भी लिफ्ट सेवा व फायर सेफ्टी जैसी अनिवार्य सेवाओं का गतिमान न होना गंभीर विषय है। इसके अलावा भवन की खिडकी व दरवाजों के टूटे शीशे, कमजोर सीवरेज प्रणाली, भवन में पानी का रिसाव, सफाई व्यवस्था और अन्य बुनियादी समस्याओं की शिकायत लोग कर रहे हैं। भवन में ग्राउंड फ्लोर पर एसडीएम कार्यालय, ई-दिशा, राजस्व, सभागार व अन्य कार्यालय हैं। प्रथम तल पर महिला एवं बाल विकास, डीएसपी, पशु पालन और दूसरी मंजिल पर फूड सप्लाई कार्यालय के साथ-साथ विभिन्न विभागों के लिए कक्षा निर्धारित हैं। ऐसे में मुख्यालय में विभिन्न कार्यों के लिए आने वाली गर्भवति महिलाओं, बुजुर्गों और दिव्यांग जनों को प्रथम के साथ-साथ दूसरे तल पर पहुंचने के लिए लंबी सीढ़ियां चढ़ने की मशक्कत करनी पड़ती है।

#### नायब सिंह सैनी से सेवाएं मुहैया करवाने की मांग

हरियाणा नंबरदार एसोसिएशन प्रांतीय कोषाध्यक्ष संजय सिंगला, अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सलिंद्र प्रताप राणा, विश्व ङ्कषहद्व परिषद जिला उपाध्यक्ष बीरभान निर्रमल, विश्वकर्मा युवा संगठन अध्यक्ष प्रीत जगदेव, रेलवे संघर्ष समिति से रोहताश कुमार और दूसरे सामाजिक कार्यकतार्ओं ने मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से लिफ्ट सेवा सहित संबंधित तमाम सुविधाओं को मुहैया करवाने की मांग की है।

#### लिफ्ट का समाधान कौन करे?

कलायत उप मंडल मुख्यालय भवन प्रवेश द्वार पर हरियाणा सरकार की नई पहल के तहत समाधान शिविर का बैनर लिफ्ट के पास चस्पा है। नागरिकों का कहना है कि इस प्रकार की स्थिति यह दर्शा रही है कि अधिकारियों को इस प्रकार की समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर प्रभावी बनाना चाहिए। जब उप मंडल मुख्यालय पर ही सरकार की नीति अनुसार सेवा उपलब्ध नहीं होगी तो अन्य स्थानों पर उम्मीद बेमानी है।

#### जल्द ही प्रारंभ होगी लिफ्ट सेवा: जेई

लोक निर्माण विभाग बिजली विंग कनिष्ठ अभियंता समरवीर ने बताया कि जिस स्थान पर लिफ्ट सेवा शुरू होनी है वहां पानी रिसाव की समस्या थी। इसका हल होने पर लिफ्ट को चलाने के लिए तैयार कर दिया गया है। विभागीय प्रक्रिया के अनुसार अब इसे क्रियाशील करने को लाइसेंस की जरूरत है। इसके लिए चीफ इलेक्ट्रिक निरीक्षक से अनुमति ली जाएगी। संबंधित दस्तावेजी कार्यवाही पूरी करने का कार्य जारी है।

## खबर संक्षेप

### चोरों ने लाखों के जेवरात और नकदी चुराई

**कैथल ।** ढांड पुलिस ने चोरी का एक मामला दर्ज किया है। गांव चूहड़माजरा के संजीव कुमार ने ढांड पुलिस को शिकायत में आरोप लगाया है कि 16 जुलाई की रात को कर उसके मकान में घुसकर वहां पर रखे सोने व चांदी के जेवरात और 80000 नगदी चुरा कर ले गए। चुराए गए सामान की कुल कीमत 340000 बताई गई है।

### अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक घायल

**कैथल ।** कस्बा पूंडरी के निकट अज्ञात वाहन की चपेट में आने से एक व्यक्ति घायल हो गया। इस संबंध में फतेहपुर के गौरव कुमार ने अपनी शिकायत में आरोप लगाया है कि 8 जुलाई को जब उसका पिता सुभाष चंद्र कस्बा पूंडरी से जा रहा था तो एक अज्ञात वाहन चालक ने उसे चपेट में लेकर घायल कर दिया।

### महासम्मेलन के लिए कालवन गांव में बैठक

**नरवाना।** आगामी 28 जुलाई को सर्वजातीय सर्वखाप का महासम्मेलन दनौदा गांव के बिनैण खाप के चबूतरे पर आयोजित होने जा रहा है। जिसको लेकर भारत की सभी खापों को निमंत्रण दिए जा रहे है। इसी कड़ी में गांव कालवन में एक बैठक आयोजित की गई। प्रवक्ता मास्टर रघवीर नैन ने कहा कि समाज मे जो कुरुतियाँ फेली हुई है उनका एक मांग पत्र तैयार किया है।

### मारपीट के मामलों में दो घायल, केस दर्ज

**कैथल ।** कस्बा कलायत में हुई मारपीट में एक व्यक्ति घायल हो गया। राकेश ने आरोप लगाया है कि 16 जुलाई को दित्यम, अरुण और मनु ने लाठी और गंडासियों से हमला करते हुए उसे घायल कर दिया। दूसरे मामले में मटर के अमित कुमार ने आरोप लगाया है कि 16 जुलाई को जब वह गांव से जा रहा था तो गांव के ही वेद प्रकाश, पवन कुमार, संदीप कुमार और ऋषिपाल ने उसका रास्ता रोक उसके साथ मारपीट की।

### चीका-पटियाला रोड पर रेत से भरा ट्रक पलटा

**गुहला चीका।** वीरवार सुबह चीका पटियाला स्टेट हाई वे पर रेत से भरा हुआ ट्रक अचानक अनियंत्रित होकर सडक किनारे गड्ढों में पलट गया। उक्त घटना बारे एक प्रत्यक्षदर्शी रघुबीर सिंह ने बताया कि वह सुबह सैर कर रहा था कि चीका की तरफ से तेज गति से एक ट्रक आया और अचानक अपना नियंत्रण खो दिया और सडक के बाई तरफ बनी रेलिंग को तोड़ता हुआ पलट गया।

### भारतीय वायु सेना के लिए आवेदन 28 तक

**कैथल ।** विंग कमांडर एसवीजी रेड्डी ने बताया कि पंजाब, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, चंडीगढ़, जम्मू-कश्मीर तथा लद्दाख के योग्य युवाओं की भारतीय वायु सेना में अग्निपथ योजना के तहत अग्निवीर के रूप में भर्ती प्रक्रिया आयोजित की जा रही है, जिसके लिए इन राज्यों के अविवाहित पुरुष एवं महिला उम्मीदवारों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए गए हैं।

## विद्यार्थियों के दस्तावेजों की जांच व दाखिले 22 जुलाई तक

# आईटीआई में दाखिले के लिए तीसरी मेरिट लिस्ट जारी की


जींद। दाखिले के लिए डॉक्यूमेंटस वेरिफिकेशन करवाते हुए छात्राएं।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) में दाखिले को लेकर वीरवार को तीसरी मेरिट जारी की गई। तीसरी मैरिट सूचि में नाम आने वाले विद्यार्थियों के दस्तावेजों की जांच व दाखिले आगामी 22 जुलाई तक होंगे। छात्र 23 जुलाई तक तक ऑनलाइन फीस भर सकेंगे। वहीं दाखिला प्रक्रिया को देखते हुए जिला के सभी राजकीय संस्थान शनिवार को भी खुले रहेंगे। इसके बाद भी अगर रिक्त सीटें बचती हैं तो चौथी मैरिट सूची 30 जुलाई को चस्पा की जाएगी। चर्तुथ मैरिट सूचि में नाम आने वाले विद्यार्थियों के दस्तावेज की जांच व दाखिले पांच अगस्त तक होंगे। जिन छात्रों का नाम चौथी मैरिट लिस्ट में आएगा वो छात्र छह अगस्त तक ऑनलाईन फीस भर सकेंगे। राजकीय आईटीआई जींद के प्रधानाचार्य अनिल कुमार ने बताया कि विभाग के नियमानुसार दाखिला प्रक्रिया 28 जून से लगातार जारी है। कुल 920 सीटों में से 481 सीटों पर दाखिला हो चुका है। तीसरी मैरिट लिस्ट में भी 317 छात्रों का नाम आया है।

#### तीसरी सूची में मेरिट प्रतिशत

| ट्रेड का नाम | कुल सीटें | रिक्त सीटें | तीसरी मेरिट लिस्ट में आया नाम | अधिकतम | न्यूनतम |
|---|---|---|---|---|---|
| इलेक्ट्रिशियन | 80 | 18 | 15 | 105 | 79 |
| कंप्यूटर ऑपरेटर प्रो. असिस्टेंट | 40 | 07, | 06 | 97.6 | 73.8 |
| वायरमैन | 40 | 14 | 12 | 96.6 | 73.6 |
| फिटर | 40 | 22 | 19 | 91 | 72 |
| स्टेनोग्राफर हिंदी | 48 | 05 | 02 | 95.6 | 88 |
| मैकेनिक डीजल | 24 | 11 | 10 | 82.2 | 75.4 |
| रेफ्रिजरेटर एवं एसी तकनीशियन | 24 | 14 | 11 | 81.8 | 79.2 |
| स्टेनोग्राफर इंग्लिश | 48 | 16 | 13 | 91 | 57.6 |
| मैकेनिक मोटर व्हीकल | 24 | 10 | 10 | 89.4 | 65.2 |
| इलेक्ट्रॉनिक्स मैकेनिक | 48 | 23 | 21 | 85.4 | 64.2 |
| पलंबर | 48 | 39 | 34 | 73.8 | 67.4 |
| ड्राफ्ट्समैन सिविल | 24 | 11 | 09 | 81.8 | 64.4 |
| मशीनिस्ट | 40 | 20 | 17 | 79.4 | 60.6 |
| टर्नर | 20 | 15 | 13 | 72.4 | 68.4 |
| ड्राफ्ट्समैन मैकेनिकल | 20 | 11 | 08 | 74.4 | 65.8 |
| वैल्डर ड्यूल एच | 40 | 29 | 23 | 64.8 | 62.2 |
| मैकेनिक ट्रैक्टर | 40 | 29 | 24 | 63.4 | 57.8 |
| तकनीशियन इलेक्ट्रीशियन | 24 | 17 | 13 | 69.2 | 64.8 |
| ड्रेस मेकिंग | 40 | 24 | 03 | 74 | 48 |
| पेंटर जनरल | 20 | 12 | 09 | 66.4 | 62 |
| फिटर ड्यूल एच | 20 | 13 | 10 | 81.6 | 61 |
| मैकेनिकट डीजल ड्यूल एच | 24 | 17 | 13 | 92.8 | 54.2 |
| स्यूइंग टेक्नोलॉजी | 40 | 31 | 01 | 80.6 | 60.6 |
| वुड वर्क तकनीशियन | 48 | 41 | 11 | 62.2 | 48 |
| जियो इन्फोटिक्स | 48 | 32 | 10 | 83.8 | 72 |
| कुल | 920 | 481 | 317 | | |

# तीसरी मेरिट लिस्ट में फायर टेक्नोलॉजी 105 तो कोपा की 104 तक पहुंची मेरिट

*▶▶| आईटीआई की तीसरी मेरिट लिस्ट में कम सीट अलाटमेंट ▶▶| 22 जुलाई तक विद्यार्थी करा सकते हैं फिजिकल वेरीफिकेशन ▶▶| 22 जुलाई तक ले सकेंगे दाखिला*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल

कौशल विकास एवं औद्योगिक प्रशिक्षण विभाग ने वीरवार को तीसरी मेरिट लिस्ट कम सीट अलाटमेंट जारी कर दी है। तीसरी मेरिट सूची में आईटीआई कैथल की 332 सीट अलाट की गई हैं। गौरतलब है कि आईटीआई में मिशन एडमिशन 8 जून से शुरू हो गया था। 8 से 25 जून तक आनलाइन आवेदन जमा करवाए गए थे। जिले में 9 राजकीय और 10 प्राइवेट आईटीआई चलाए जा रहे हैं। जिनमें करीब 5000 सीटों पर दाखिला किया जाना है। यदि कैथल के आईटीआई की बात की जाए तो यह संस्थान में आनलाइन आवेदन में प्रदेश में पहले स्थान पर रहा है। विदित रहे कि विभाग की ओर से 28 जून को पहली मेरिट सूची जारी की गई थी। इसमें तीन जुलाई तक का समय दिया गया था। दूसरी मेरिट सूची नौ जुलाई को जारी की गई। इसमें 17 जुलाई तक दाखिले का समय दिया गया। वीरवार को तीसरी सूची जारी की गई। इसमें 23 जुलाई तक विद्यार्थी फिजिकल दाखिला के लिए फीस जमा करा सकते हैं।

**22 जुलाई तक करवा सकेंगे फिजिकल वैरीफिकेशन:** तीसरी मेरिट सूची में जिन विद्यार्थियों को सीट अलाटमेंट की गई हैं तो वे 22 जुलाई तक संबंधित आईटीआई में जाकर अपने मूल दस्तावेजों के साथ फिजिकल वेरीफिकेशन करवा सकते हैं। इसके बाद विद्यार्थी को ऑनलाइन पोर्टल पर ही 23 जुलाई तक अपनी फीस जमा करवानी होगी। जो विद्यार्थी फीस जमा नहीं करवाएंगे उनकी सीट अपने आप ही रद्द हो जाएगी।

#### यूं रही आईटीआई कैथल की मेरिट लिस्ट

| कोर्स का नाम | अधिकतम | | |
|---|---|---|---|
| वुड वर्क | 54.4 | एमएमवी | 100 |
| वायरमैन | 97.5 | मैक्निस्ट | 83.6 |
| वेलडर | 93.2 | मैक्निस्ट ग्राइंडर | 52.6 |
| वेलडर ड्यूल | 66.2 | इंटरनेट मैकेनिक | 67.8 |
| टरनर | 74.6 | फीटर | 86.4 |
| टीपीईएस | 66.6 | फायर टैक्नोलाजी | 105 |
| टूल्स एंड डाई | 67.4 | इलेक्ट्रानिक मैकेनिकल | 88.2 |
| एसएसए अंग्रेजी | 80 | इलेक्ट्रिशियन एनसीवीटी | 104 |
| एसएसए हिंदी | 76.4 | इलेक्ट्रिशियन एससीवीटी | 88.2 |
| सॉयल टेस्टिंग | 72.6 | ड्रेस मेकिंग | 92.8 |
| आरएसीटी | 88.6 | डीएमएम | 71 |
| पलंबर | 76.8 | डीएमसी | 103.4 |
| पेंटर जरनल | 95.8 | सीएचएनएम एनसीवीटी | 102.8 |
| मल्टीमीडिया | 74.6 | सीएचएनएम एससीवीटी | 78 |
| ट्रैक्टर मैकेनिकल | 74.4 | कोपा | 104 |

#### *तीसरी मेरिट लिस्ट का ये रहेगा ब्यौरा*

▶▶| डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन- 18 से 22 जुलाई तक
▶▶| फीस जमा करवाने की तिथि- 18 से 23 जुलाई तक
▶▶| डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन के लिए दस्तावेज
▶▶| 1 फार्म में दर्शाई गई शैक्षणिक योग्यता के ओरिजिनल प्रमाण पत्र तथा उनकी एक-एक फोटो प्रति।
▶▶| 2 ऑनलाइन आवेदन किए गए फार्म की प्रतियां
▶▶| 3 पोर्टल से निकाली गई सीट अलॉटमेंट की प्रति।
▶▶| 4 जाति प्रमाण पत्र यदि एससी, बीसी या अन्य श्रेणी से संबंधित है।
▶▶| 5 भूतपूर्व सैनिक, पिता का मृत्यु प्रमाण पत्र, यदि आवेदन में दर्शाया है।
▶▶| 6 आनलाइन फीस जमा करवाने हेतु एटीएम कार्ड या अन्य।
▶▶| 7 दो पासपोर्ट साइज नवीनतम रंगीन फोटो।

#### तीसरी सूची में 332 सीट अलॉट



वीरवार को जारी तीसरी सूची में 332 सीट अलाट की गई हैं। विद्यार्थी समयबद्ध संस्थान में आकर दाखिला ले सकते हैं। सीट अलाट वाले विद्यार्थी 22 जुलाई तक डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन करवाते हुए दाखिला ले सकते हैं।


पूंडरी। नांदेड़ मे हजूर साहिब गुरुद्वारे में सांसद नवीन जिंदल।

### सांसद नवीन जिंदल ने हजूर साहिब गुरुद्वारे में मत्था टेका

**पूंडरी।** सांसद नवीन जिंदल ने गत दिवस नांदेड़ में गुरु गोबिंद सिंह जी की समाधि पर निर्मित हजूर साहिब गुरुद्वारे में जाकर मत्था टेका। इस अवसर पर उन्होंने गुरुद्वारे की अद्भुत सुंदरता और स्वच्छता की सराहना की, जो भक्तों को एक शांत और सकारात्मक अनुभव प्रदान करती है। नवीन जिंदल ने कहा कि यहां आकर मन में एक अद्भुत शांति का अनुभव हुआ। हजूर साहिब का माहौल श्रद्धा और भक्ति से भरा हुआ है। यह स्थान सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत है। उन्होंने श्रद्धालुओं को इस पवित्र स्थल की यात्रा करने के लिए प्रेरित किया, ताकि वे भी यहां की दिव्यता का अनुभव कर सकें। सांसद जिंदल ने अपने दौरे के दौरान स्थानीय समुदाय के सदस्यों से भी मुलाकात की और कहा कि ऐसे धार्मिक स्थलों का संरक्षण और विकास सभी की जिम्मेदारी है। उनका यह प्रयास नांदेड़ की सांस्कृतिक धरोहर को और अधिक उजागर करने की दिशा में महत्वपूर्ण है। इस दौरे से न केवल क्षेत्र की धार्मिक पहचान को बल मिलेगा, बल्कि यह आने वाले समय में पर्यटन को भी बढ़ावा देने में सहायक साबित होगा। जिंदल ने इस दिशा में और भी योजनाओं का ऐलान किया, जिससे नांदेड़ का विकास और बेहतर हो सके।



### जुलाना में पहुंची कांग्रेस की हरियाणा मांगे हिसाब पदयात्रा

**जुलाना ।** जुलाना में वीरवार को कांग्रेस पार्टी द्वारा हरियाणा मांगे हिसाब पद यात्रा का आयोजन किया गया। इस पदयात्रा में रोहतक से सांसद दीपेंद्र सिंह हुड्डा जुलाना पहुंचे। यहां पर जुलाना की पुरानी अनाज मंडी से पदयात्रा शुरू की गई जो कि यह पदयात्रा बाजार के बीचों बीच होते हुए जुलाना के पुराने बस स्टैंड पर पहुंची। जुलाना में पत्रकारों से बातचीत करते हुए दीपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी द्वारा जहां पर भी पदयात्रा निकाली जा रही है वहां पर लोगों का भारी समर्थन मिल रहा है। दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि पदयात्रा को देखकर भाजपा तिलमिला रही है। भाजपा 10 साल में प्रदेश का भट्ठा बिठा दिया है और भाजपा कांग्रेस से जवाब मांग रही है।

# आसन के ग्रामीण मिले एसपी से

- हत्यारोपितों को शीघ्र गिरफ्तार करने की मांग, अब तक दो काबू

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

गांव आसन में पुरानी रंजिश के चलते 13 जुलाई को दो पक्षों में हुए झगड़े में एक व्यक्ति की मौत हो गई थी, जबकि पांच लोग घायल हुए थे। इस मामले में सदर थाना पुलिस ने एक पक्ष के 14 लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू की थी, लेकिन घटना के पांच दिन बीतने के बाद भी दो ही आरोपी गिरफ्तार हुए। इससे पीड़ित पक्ष के लोगों में रोष बना हुआ है। जिसके चलते वह वीरवार को एसपी कार्यालय में एसपी से मिल कर आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर मिले। इसमें एसपी सुमित कुमार ने जल्द ही बाकि आरोपियों की गिरफ्तारी करने का आश्वासन दिया।

#### एक साल पहले हुआ था पड़ोसी से झगड़ा

एसपी को दी शिकायत में आसन गांव निवासी लीलाराम ने बताया कि वह एक वर्ष पहले उनका झगड़ा पड़ौस में रहने वाले रामकुश परिवार के साथ हुआ था। इसका बाद में समझौता हो गया था। इसी रंजिश के चलते शुक्रवार को रामकु श व उसके परिवार के सदस्यों विक्की, सूरजभान, मनोज कुमार, रामचंद्र, वीरभान, भीरा, बंसी, रामदास, बबली, पूजा, बबली, जोगिंद्र व मीरा ने लाठी व डंडो से हमला कर दिया। झगड़े का शोर सुन कर उनके परिवार के सदस्य जिसमें उसकी भाभी संतरो, भाई जयनारायण, अमित, नफे सिंह, शंकुतला मौके पर आ गए। इस दौरान सभी आरोपी जान से मारने की धमकी देकर अपने मकानों की छत पर चढ़ गए। जहां से सभी ने ईंटे बरसा कर हमला कर दिया। इसमें वह सभी घायल हो गए। जहां से घायलों को शहर के नागरिक अस्पताल में भर्ती करवाया। छत से मारी गई ईंटों के कारण उसकी भाई बलबीर को अस्पताल से रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया। जहां पर बलबीर की उपचार के दौरान मौत हो गई थी। सदर थाना प्रभारी सत्यनारायण ने बताया कि इस मामले में आसन गांव निवासी रामकुश उर्फ काला व विक्की को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जबकि इस मामले में विक्की, सूरजभान, मनोज कुमार, रामचंद्र, वीरभान, भीरा, बंसी, रामदास, बबली, पूजा, बबली, जोगिंद्र व मीरा के खिलाफ हत्या के आरोप में मामला दर्ज किया था।


नरवाना। खिलाड़ी सन्नी को नोटों की माला पहनाकर सम्मानित करते हुए अंकुश परोचा।

### इनेलो नेता अंकुश परोचा ने बॉक्सर सन्नी सरबटा को किया सम्मानित

**नरवाना।** वीरवार को सुरजाखेड़ा गांव में वाल्मीकि समाज द्वारा एक सम्मान समारोह का आयोजन किया। जिसमें मुख्यअतिथि के तौर पर समाजसेवी व इनेलो नेता अंकुश परोचा रेवर ने शिरकत की। कार्यक्रम में पहुचने पर वाल्मीकि समाज के सदस्यों ने अंकुश परोचा का फूल मालाओं के साथ भव्य स्वागत किया। कार्यक्रम में नोएडा में आयोजित आईबीसी प्रोफे शनल इंटरनेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप में गांव सुरजाखेड़ा के सन्नी सरबटा के मैडल जीतने पर परोचा ने सम्मानित किया और आगे बढने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए परोचा ने कहा कि वाल्मीकि समाज के लिए बड़े ही गर्व की बात है कि एक गरीब परिवार से ताल्लुक रखने वाले युवा को इंटरनेशनल बॉक्सिंग चैंपियनशिप 75 किलो भार में खेलने का अवसर मिला और जीत दर्ज कर अपने पुरे नरवाना हल्का व अपने गांव का नाम रोशन करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस मौके पर सरपंच रामफल शर्मा, पूर्व सरपंच बिरभान, सतपाल, रामपाल, सुल्तान, उदयभान, इन्द्र अभनाराम, धर्मवीर, सतबीर, कश्मीरी, अजीत सरोहा एवं टीम अंकुश परोचा उपस्थित रहे।

# गांव कुतेपुर के मनरेगा मजदूरों ने एडीसी को सुनाई समस्या

- मनरेगा में किए कार्य की मजदूरी दिलाने की लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कैथल


कैथल। एडीसी से मिलने पहुंचे मजदूर।

गांव कुतेपुर के मनरेगा मजदूरो बाला मोहनलाल जगीरो चमेली मीना सुमन संतोष बतेरी कमलेश मूर्ति सुनीता,कांता , सरोज आदि ने नारेबाजी कर अतिरिक्त उपायुक्त कैथल को अपना ज्ञापन सौंपा। उन्होंने बताया कि हमें मनरेगा में काम अब पहली बार ही मिला था। हम लगभग 45 से 50 मजदूरों ने 14,14 दिन जोर लगाकर काम किया और ऑनलाइन हाजिर भी लगाई लेकिन जब मस्ट्रोल कि कॉपी जेई के पास जमा कराई तो उन्होंने बताया कि आपकी ऑनलाइन हाजिरी तो रिकॉर्ड में सिर्फ दो दिन की ही बोलती है बाकी तो ऑनलाइन हाजिरी ही नहीं है इसलिए आपको 14 में से 2 ही दिन के पैसे मिल सकते है। जबकि हमारे पास एबीपीओ और इरीगेशन जेई गार्ड जो हमारे पास ही रहते थे उनकी देखरेख में काम किया वह भी हमारे कार्य से पुरी तरह संतुष्ट थे। उसके बाद भी मजदूरी भुगतान से मना करना मजदूरों के साथ बहुत बढ़ा धोखा करना है जिसे मजदूर किसी भी हालत में सहन नहीं कर सकता। अतिरिक्त उपायुक्त ने आश्वासन दिया है कि किसी भी मजदूर की कोई हाजरी नहीं काटी जायेगी मैं जेई से ऑनलाइन हाजिरी की बजाए पैमाइस करवाकर मजदूरी भुगतान करवाऊंगी।

सीटू जिला सचिव नरेश रोहेड़ा सीटू जिला प्रधान बसाऊ राम ने कहा कि अगर मजदूरों की समस्याओं को प्रशासन इसी तरह अनदेखी कर मजदूरों के सामने परेशानी खड़ा करेगा तो सीटू आंदोलन तेज करने पर मजबूर होगा।

# बेटी बचाओ अभियान के लिए होंगी प्रतियोगिताएं

- प्रविष्टियों के लिए अंतिम तिथि 24 जुलाई निर्धारित की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जींद

महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से विभिन्न प्रतियोगिताओं की घोषणा की गई है ताकि सब मिलकर अपने समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने में सहयोगी बनें।

डीसी मोहम्मद इमरान रजा ने कहा कि इन प्रतियोगिताओं को विभिन्न श्रेणियों में वर्गीकृत किया गया है। जिनमें गायन, रेडियो जिंगल, गीत, रैप, वीडियो आदि शामिल किया गया है। गायन प्रतियोगिता में संबंधित प्रतिभागी अपनी आवाज मे जादू भरें और एक ऐसा गीत रिकार्ड करें, जो बालिकाओं को बचाने और शिक्षित करने के महत्व पर जोर देता हो। रेडियो जिंगल में एक आकर्षक और प्रभावी रेडियो जिंगल बनाएं, जो बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के संदेश को घर-घर तक पहुंचाए। गीत में अपनी मौलिकता को निखारें और एक ऐसा गीत बनाएं जो बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ का उत्सव मनाता हो।

उन्होंने बताया कि वीडियो में अपनी रचनात्मकता को उड़ान दें और एक ऐसा वीडियो बनाएं जो बेटी बचाओ.बेटी पढ़ाओ का संदेश दिल से दिल तक पहुंचाए। बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान, कन्या भ्रूण हत्या पर रोक, महिला मुद्दे, महिला हेल्पलाइन, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना, मुख्यमंत्री महिला सम्मान योजना, महिला अधिकार, महिलाओं के कानूनी अधिकार, साइबर अपराध, महिलाओं का सशक्तिकरण, लिंग भेदभाव, घरेलू हिंसा, महिला शिक्षा आदि विषय शामिल रहेंगे।

### खाद्य सुरक्षा व गुणवत्ता प्रबंधन में करें बीएससी

**जींद ।** इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय इग्नू क्षेत्रीय केंद्र के क्षेत्रीय निदेशक डा. धर्मपाल ने बताया कि खाद्य प्रसंस्करण एक उभरता हुआ क्षेत्र है। बदलती जीवनशैली, खानपान की आदतेंच शहरीकरण आदि के कारण प्रसंस्कृत और खाने के लिए तैयार खाद्य उत्पादों की मांग बढ़ रही है और खाद्य प्रसंस्करण उद्योग तेजी से बढ़ रहा है। खाद्य क्षेत्र में निरंतर प्रगति ने खाद्य सुरक्षा को भी चिंता का एक महत्वपूर्ण क्षेत्र बना दिया है। खाद्य उत्पादन के बदलते वैश्विक पैटर्न, अंतरराष्ट्रीय व्यापार, तकनीकी नवाचार और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता ने खाद्य सुरक्षा और गुणवत्ता पेशेवरों की भारी मांग पैदा की है। इसे ध्यान में रखते हुए कृषि विद्यालय एसओए इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय ने मुक्त और दूरस्थ शिक्षा ओडीएल में खाद्य सुरक्षा और गुणवत्ता प्रबंधन के क्षेत्र में अपनी तरह के पहले स्नातक डिग्री कार्यक्रम की परिकल्पना की है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हुड्डा कॉम्पलेक्स, डी.आर.डी.ए. के सामने, जीन्द
हरिभूमि कार्यालय, करनाल रोड, जाट स्टेडियम के सामने, कैथल
फोन : 8295157800, 8814999186, 8814999166, 9253681005

### 24 तक लेट फीस के साथ दाखिला ले सकते हैं विद्यार्थी

**नरवाना।** उच्चतर शिक्षा विभाग हरियाणा पंचकूला के निर्देशानुसार पहली, दूसरी मेरिट लिस्ट व 17 जुलाई को मेगा फिजिकल ओपन काउंसलिंग की लिस्ट जारी होने के बाद विभिन्न विषयों के कांबिनेशन व कैटेगरी में रिक्त सीटों पर केएम राजकीय महाविद्यालय में 19 जुलाई से प्रतिदिन फिजिकल काउंसलिंग की जाएगी।

विभाग द्वारा 17 जुलाई से नये विद्यार्थियों के लिए पोर्टल खोले जाने व पुराने विद्यार्थियों द्वारा कांबिनेशन एडिट करने का जो ऑप्शन दिया गया है इससे दाखिला से वंचित विद्यार्थी दाखिला ले पाएंगे।

## चार माह के लिए जगत के पालनहार भगवान विष्णु योग निद्रा में गए

# चातुर्मास के दौरान नहीं किए जाते कोई शुभ कार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| उचाना

- देवउठनी एकादशी के दिन जागने पर सभी शुभ कार्यों की शुरुआत

हिंदू धर्म से कई मान्यताएं और परंपराएं जुड़ी हैं। हिंदू धर्म में 33 कोटि देवी-देवता हैं, जिनमें से एक हैं भगवान विष्णु। भगवान विष्णु को जगत का पालनहार कहा जाता है। हर साल, आषाढ़ मास के शुक्ल पक्ष की एकादशी तिथि के दिन से पूरे चार महीनों के लिए जगत के पालनहार भगवान विष्णु योग निद्रा में चले जाते हैं। राधा-कृष्ण प्राचीन मंदिर उचाना मंडी पुजारी पं. सत्यनारायण शांडिल्य ने कहा कि इस चार महीने की अवधी को चातुर्मास भी कहा जाता है। चातुर्मास के बाद भगवान विष्णु देवउठनी एकादशी के दिन जागते हैं और फिर से सभी शुभ कार्यों की शुरुआत हो जाती है। कहा जाता है कि भगवान विष्णु निद्रालीन होने के लिए चार महीनों के लिए पाताल लोक चले जाते हैं। और हिन्दू धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, कई कार्यों को करने की मनाही है। माना जाता है कि अगर व्यक्ति द्वारा वे कार्य किए जाते हैं, तो उसको भारी नुकसान उठाना पड़ सकता है।


पुजारी पं. सत्यनारायण शांडिल्य

#### चातुर्मास के दौरान करें ये काम

उन्होंने बताया कि चातुर्मास के दौरान भक्ति और निष्ठा के साथ पूजा पाठ करनी चाहिए और साथ ही व्रत कर उसका पूर्ण रूप से पालन भी करना चाहिए। क्योंकि माना जाता है कि चातुर्मास में किए गए व्रत और पूजन का कई गुणा फल मिलता है। कहा जाता है कि इन दिनों सुबह देर तक सोना भी नहीं चाहिए। चातुर्मास में भक्त सभी मांगलिक कार्यों को रोककर हरि भजन तथा भगवान विष्णु के पूजन के साथ-साथ उनके निद्रा अवस्था से जागने की प्रतीक्षा में लगे रहते हैं। और उनकी यह प्रतीक्षा समाप्त होती है चार महीनों बाद आने वाली देवउठनी एकादशी पर, जब भगवान विष्णु निद्रा अवस्था से जागकर पाताल लोक से वापस आते हैं और एक बार फिर भक्तों में हर्षोल्लास का वातावरण होता है, क्योंकि वे फिर से अपने मांगलिक कार्य शुरू कर सकते हैं।

#### भूलकर भी न करें ये कार्य

पुजारी ने कहा कि चातुर्मास की अवधि आषाढ़ शुक्ल एकादशी से शुरू होकर कार्तिक शुक्ल एकादशी तक चलती है। इस दौरान हिंदू धर्म से जुड़े मांगलिक कार्य विवाह, मुंडन, गृह प्रवेश, जनेऊ संस्कार आदि जैसे सभी 16 संस्कार नहीं करने चाहिए। मान्यता है कि चातुर्मास में इन कार्यों को करने से इसका शुभ फल नहीं मिलता। चातुर्मास के सावन महीने में साग, भाद्रपद में दही, अश्विन महीने में दूध और कार्तिक महीने में उड़द दाल नहीं खानी चाहिए। शास्त्रों में इसके साथ ही पूरे चातुर्मास यानी चार महीनों में मांस, मदिरा, गुड़, मधु, बैंगन, सफेद नमक और तेल आदि के त्याग करने की बात कही गई है।